महानगर नई दिल्ली गुरुवार 27 जून, 2019, रु. 5.00 (14 पेज) दिल्ली, कोलकाता, लखनऊ और चंडीगढ़ से प्रकाशित

# जनसत्ता

jansatta.com | epaper.jansatta.com | facebook.com/jansatta | twitter.com/jansatta

## कांग्रेस अध्यक्ष पद छोड़ने पर अडिग राहुल

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 26 जून।

लोकसभा चुनाव में करारी हार की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने की पेशकश करने वाले राहुल गांधी ने बुधवार को एक बार फिर अपनी इच्छा दोहराई। पार्टी सांसदों की बैठक में उन्होंने कहा कि वे पार्टी के मुखिया नहीं बने रहना चाहते। हालांकि सांसदों ने एक स्वर से उनके नेतृत्व की जरूरत और विकल्प के अभाव का हवाला दिया। यहां तक कि युवक कांग्रेस ने बुधवार को राहुल के आवास पर प्रदर्शन कर उनसे पद पर बने रहने का आग्रह भी किया।

संसद भवन परिसर में सोनिया गांधी की अगुवाई में पार्टी के लोकसभा सदस्यों की बैठक हुई जिसमें राहुल गांधी समेत पार्टी के अन्य सांसद शामिल हुए। सूत्रों के मुताबिक इस बैठक में संसद के मौजूदा सत्र में पार्टी की रणनीति को लेकर भी चर्चा की गई। बताया गया कि संसदीय दल की बैठक में राहुल गांधी ने एक बार फिर कहा कि वे अध्यक्ष पद पर बने नहीं रहना चाहते। लेकिन बैठक में मौजूद सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस सांसदों

बाकी पेज 8 पर



*कांग्रेस* सांसदों ने एक स्वर से उनके नेतृत्व की जरूरत और विकल्प के अभाव का हवाला दिया।

## प्रधानमंत्री ने राज्यसभा में कहा, झारखंड में युवक की भीड़ द्वारा हत्या शर्मनाक

# दोषियों को मिले कड़ी सजा

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 26 जून।

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को मिली करारी हार के लिए ईवीएम पर 'ठीकरा' फोड़ने को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को विपक्ष को 'नकारात्मकता' त्यागने और देश की विकास यात्रा में सकारात्मक योगदान देने की नसीहत दी। उन्होंने झारखंड में भीड़ द्वारा एक युवक की हत्या किए जाने को 'दुखद व शर्मनाक' बताते हुए कहा कि दोषियों को कड़ी सजा मिले, यह हम मानते हैं लेकिन इसे लेकर पूरे राज्य को गलत बताना अनुचित है।

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर राज्यसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री

बाकी पेज 8 पर

*झारखंड* में भीड़ द्वारा एक युवक की हत्या किए जाने को 'दुखद' बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इसे लेकर पूरे राज्य को गलत बताना अनुचित है।

*बिहार* में इन्सेफेलाइटिस से हुई मौतों पर प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भी बच्चों का बुखार से मरना देश की 70 साल की विफलताओं में से एक है और हम सभी को इनसे निपटने के समाधान खोजने होंगे।

*प्रधानमंत्री* ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर राज्यसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के जवाब देते हुए गालिब का यह शेर भी पढ़ा... 'ता उम्र गालिब यह भूल करता रहा, धूल चेहरे पर थी आईना साफ करता रहा।'



## आइबी व रॉ को मिले नए मुखिया

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 26 जून।

वरिष्ठ आइपीएस अधिकारी अरविंद कुमार को खुफिया ब्यूरो (आइबी) और सामंत कुमार गोयल को रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) का प्रमुख नियुक्त किया गया है। कुमार कश्मीर और नक्सल मुद्दों के विशेषज्ञ माने जाते हैं। वहीं, गोयल के बारे में यह बताया जाता है कि पुलवामा आतंकी हमले के बाद बालाकोट हवाई हमले की योजना बनाने में उन्होंने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। आइबी और रॉ के शीर्ष पदों के लिए बुधवार को ये नियुक्ति की गई।

कार्मिक मंत्रालय द्वारा जारी एक आदेश के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने दो साल के निर्धारित

बाकी पेज 8 पर

## आकाश विजयवर्गीय सुपुत्र कैलाश विजयवर्गीय...



खबर पेज 8 पर

**पिटाई** भाजपा के कद्दावर नेता कैलाश विजयवर्गीय के बेटे और भाजपा विधायक आकाश विजयवर्गीय बुधवार को इंदौर में नगर निगम के अधिकारी की ओर बल्ला लेकर बढ़ते हुए। उन्होंने अधिकारी की पिटाई की।

## सभी डिजाइन के सिक्के वैध, लोग स्वीकार करें : रिजर्व बैंक

मुंबई, 26 जून (भाषा)।

रिजर्व बैंक ने बुधवार को विभिन्न आकार-प्रकार और डिजाइन के सिक्कों को स्वीकार करने को लेकर लोगों के बीच संदेह को दूर किया।

आरबीआइ ने कहा कि चलन में विभिन्न राशि के जो भी सिक्के हैं, वे पूरी तरह से वैध मुद्रा हैं और लोगों को बिना किसी झिझक के उसे स्वीकार करना चाहिए। केंद्र सरकार द्वारा ढाले गए सिक्कों को आरबीआइ चलन में डालता है।

साथ ही केंद्रीय बैंक ने बैंकों से यह भी कहा है कि वे सिक्के बदलने आने वाले ग्राहकों को अपनी शाखाओं से नहीं लौटाए। वे ग्राहकों से छोटी राशि के सिक्कों और नोट को स्वीकार करें। रिजर्व बैंक ने कहा कि लोगों की लेन-देन की जरूरतों को पूरा करने के लिए समय-समय पर जो भी

बाकी पेज 8 पर




*रिजर्व* बैंक ने कहा कि लोगों की लेन-देन की जरूरतों को पूरा करने के लिए समय-समय पर जो भी सिक्के चलन में लाए जाते हैं, उनकी विशेषताएं अलग होती हैं।

### एस-400 समझौते पर माइक पोम्पिओ को भारत की दो टूक

### भारत-अमेरिका महत्त्वपूर्ण साझेदार : पोम्पिओ

## राष्ट्रीय हित में जो होगा वही करेंगे : जयशंकर


नई दिल्ली, 26 जून (भाषा)।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने अमेरिकी समकक्ष माइक पोम्पिओ से बुधवार को कहा कि भारत प्रतिबंधों से प्रभावित रूस के साथ एस-400 मिसाइल रक्षा समझौते पर अपने राष्ट्रीय हितों को सर्वोपरि रखेगा।

जयशंकर ने अमेरिकी विदेश मंत्री पोम्पिओ को राजग सरकार के दोबारा सत्ता में आने के बाद दोनों देशों के बीच पहली उच्च स्तरीय बैठक के दौरान एस-400 समझौते पर भारत के मजबूत रुख के बारे में अवगत कराया। उल्लेखनीय है कि भारत रूस से एस-400 मिसाइल रक्षा प्रणाली खरीद रहा है।

दोनों देशों ने आतंकवाद का मुकाबला करने में भारत-अमेरिका सहयोग को बढ़ाए जाने की भी प्रतिबद्धता जताई। साझा संवाददाता सम्मेलन में पोम्पिओ और जयशंकर ने स्वीकार किया कि व्यापार पर अलग-अलग विचार हैं लेकिन कहा कि मित्रों और व्यापारिक साझेदारों के पास 'मुद्दे' होंगे जिन्हें हल किया जा सकता है।

जयशंकर और पोम्पिओ ने ईरान से तेल खरीदने पर अमेरिकी प्रतिबंधों और खाड़ी में अमेरिका-ईरान तनाव के मद्देनजर पैदा हुई स्थिति के मद्देनजर ऊर्जा सुरक्षा के मुद्दे पर भी चर्चा की। एस-400 समझौते के साथ आगे बढ़ने के लिए 'काउंटरिंग अमेरिकाज ऐडवरसरीज थ्रू सैंक्शन्स एक्ट' (काटसा) के तहत भारत द्वारा प्रतिबंधों का सामना करने की संभावना के मुद्दे पर पोम्पिओ ने कहा, 'वे इस समय मुद्दे हैं लेकिन हम उनके माध्यम से काम करने का एक तरीका खोज लेंगे और मुझे पता है कि जब हम दूसरी तरफ आएंगे तो संबंध और मजबूत होंगे।'



माइक पोम्पिओ



एस जयशंकर

पेज 8

मोदी से मुलाकात कर रणनीतिक मुद्दों पर चर्चा की




## भारतीय टीम की नारंगी जर्सी पर विवाद

### कांग्रेस ने अपने विधायक के बयान से पल्ला झाड़ा, कहा यह राजनीतिक विषय नहीं

नई दिल्ली/ मुंबई, 26 जून (भाषा)।

भारतीय टीम विश्व कप में 30 जून को इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले मुकाबले में नारंगी रंग की जर्सी पहनकर उतरेगी। मैच से पहले ही इस जर्सी को लेकर भारत में राजनीति शुरू हो गई है। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के नेताओं को इस जर्सी के पहनने के पीछे भगवाकरण का संदेह है। भाजपा ने इसका मजाक बनाते हुए उनकी प्रतिक्रिया को

बाकी पेज 8 पर



*यह* राजनीतिक मुद्दा नहीं है। अगर टीम और बीसीसीआइ को कोई समस्या नहीं है, तो इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि भारतीय टीम किस रंग की जर्सी पहनती है। मतलब इस बात से है कि वह अच्छा खेले और विश्वकप जीते।

*-आनंद शर्मा, वरिष्ठ नेता कांग्रेस*




## पुलवामा मुठभेड़ में एक आतंकी ढेर

श्रीनगर, 26 जून (भाषा)।

जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में त्राल के जंगलों में बुधवार को सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में एक आंतकी को ढेर कर दिया। मारे गए आतंकी की पहचान नहीं हो सकी है।

पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि इलाके में आतंकियों की मौजूदगी के बारे में सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने त्राल के बरानपत्री वन्य क्षेत्र की घेराबंदी कर दी और तलाशी अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि इस दौरान छिपे हुए आतंकियों ने

बाकी पेज 8 पर

## असम एनआरसी मसविदे से और एक लाख लोगों के नाम हटाए

गुवाहाटी, 26 जून (भाषा)।

असम में अयोग्य पाए जाने के बाद राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) के मसौदे में से एक लाख से अधिक लोगों के नाम हटाए गए हैं, जो पिछले साल 30 जुलाई को प्रकाशित सूची से हटाए गए 40 लाख नामों के अतिरिक्त हैं।

एनआरसी के राज्य समन्वयक के बयान के अनुसार नागरिक पंजीकरण के स्थानीय रजिस्ट्रारों (एलआरसीआरएस) की सत्यापन प्रक्रिया में 1,02,462 लोगों को अयोग्य घोषित किया गया। असम में अवैध प्रवासियों की पहचान करने के लिए 1951 से पहली बार इस सूची को उच्चतम न्यायालय

बाकी पेज 8 पर



*एनआरसी* के राज्य समन्वयक के बयान के अनुसार नागरिक पंजीकरण के स्थानीय रजिस्ट्रारों (एलआरसीआरएस) की सत्यापन प्रक्रिया में 1,02,462 लोगों को अयोग्य घोषित किया गया


## ट्रंप के खिलाफ डेमोक्रेटिक पार्टी के मुकदमे को मंजूरी

वाशिंगटन, 26 जून (एपी)।

अमेरिका में एक संघीय जज ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंगलवार को अनुमति दे दी। ट्रंप पर आरोप है कि उन्होंने राष्ट्रपति रहते हुए भी लाभ कमाया है जो संविधान के प्रावधानों का उल्लंघन है।


कोलंबिया जिले के यूएस डिस्ट्रिक्ट जज एमेट जी. सुलीवन ने विधि विभाग के वकील के अनुरोध के खिलाफ फैसला सुनाया। वकील ने मुकदमे के बीच में उच्च न्यायालय में अपील करने और इस दौरान मुकदमे की सुनवाई रोकने की मांग की थी। करीब दो सौ डेमोक्रेटिक सांसदों द्वारा समर्थित

बाकी पेज 8 पर



*ट्रंप* पर आरोप है कि उन्होंने राष्ट्रपति रहते हुए भी लाभ कमाया है जो संविधान के प्रावधानों का उल्लंघन है

### दरअसल




एक साथ दिया चार शावकों को जन्म | **सफारी की शान** | उसके तीन शावक पहले से ही हैं

# जेसिका ने सिंबा, सुल्तान और बाहुबली का कुनबा बढ़ाया

दिनेश शाक्य
इटावा , 26 जून।

चंबल की छवि बदलने के लिए उत्तर प्रदेश के इटावा में स्थापित लायन सफारी में शेरनी जेसिका ने एक साथ चार शावकों को जन्म देकर खुशी का माहौल बना दिया है । लायन सफारी प्रशासन सात शावकों की पैदाइश के बाद जेसिका शेरनी को सफारी की शान मान कर चल रहे है।

इटावा सफारी पार्क के निदेशक वीके सिंह ने बुधवार बताया कि लायन सफारी में शेरनी जेसिका तीसरी बार मां बन गई है। उसने चार शावकों को जन्म दिया है। इस बात की तस्दीक नहीं की जा सकी है कि ये शावक नर हैं या मादा। शेरनी जेसिका ने पहले शावक को देर रात 2:08 मिनट, दूसरे शावक को 2:58 मिनट और तीसरे को 4:56 मिनट पर जन्म दिया। इसके बाद उसने दो और शावकों को जन्म दिया। शेरनी जेसिका के शावकों की पैदाइश को सीसीटीवी कैमरे के जरिए पार्क के विशेषज्ञ डॉक्टरों के अलावा कीपर आदि ने देखा है। गर्भवती जेसिका का बीते तीन महीनों से खास ख्याल रखा जा रहा था। उसके बाड़े के पास किसी को जाने की इजाजत नहीं थी। सफारी के रेंजर विनीत सक्सेना, डॉ गौरव श्रीवास्तव, डॉ आरपी वर्मा, डॉ सुयश सचान, कीपर मोहम्मद आरिफ, इमरान, आसिफ और मंजूल जेसिका के मां बनने के दौरान अलर्ट थे।

**देर रात 2:08** बजे जेसिका ने पहले शावक को जन्म दिया

**तड़के 2:58** बजे दूसरे शावक का जन्म

**तड़के 4:56** बजे तीसरे शावक का जन्म



*6 अक्तूबर*, 2016 को जन्मे सिंबा, सुल्तान और 15 जनवरी 2018 को जन्मे बाहुबली सफारी की रौनक बने हुए है। हालांकि जुलाई और अगस्त 2015 में शेरनी हीर व ग्रीष्मा ने पांच शावकों को जन्म दिया था।

सिंह ने बताया कि इससे पहले जेसिका ने 6 अक्तूबर, 2016 को सिंबा व सुल्तान को जन्म दिया था। 15 जनवरी, 2018 को बाहुबली को जन्म दिया था। सिंबा और सुल्तान अब ढाई वर्ष के व बाहुबली डेढ़ वर्ष का हो गया है। अब तीसरी बार शेरनी के मां बनने से सफारी पार्क में खुशी की लहर दौड़ गई है।

उन्होंने बताया कि डॉ गौरव श्रीवास्तव व उनकी टीम ने शेरों की देखरेख की उनका कुनबा बढ़ाने के लिए काफी परिश्रम किया है। सिंह ने बताया कि चंबल की छवि को बदलने के इरादे से इटावा के दुर्गम बीहड में बनाए लायन सफारी में एक के बाद एक हो रही प्राणियों की मौत के बीच गुजरात से आई शेरनी जेसिका सफारी के लिए अच्छे दिन लेकर आई है। तीन शावकों को जन्म देने के बाद एक साथ चार शावकों की पैदाइश ने लायन सफारी प्रशासन को बेहद खुश कर दिया है। शेर

बाकी पेज 8 पर

## लूटपाट के इरादे से की गई थी हत्या, दो गिरफ्तार

**वसंत विहार तिहरा हत्याकांड**

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 26 जून।

दिल्ली के वसंत विहार में एक बुजुर्ग दंपति और उनकी नर्सिंग सहायक की हत्या के आरोप में पुलिस ने एक महिला (42) और उसके सहजीवन साथी को गिरफ्तार किया है। बुजुर्ग दंपती की हत्या लूटपाट के इरादे से की गई। गिरफ्तार प्रीति सहरावत और मनोज भट्ट को गुरुग्राम से गिरफ्तार किया गया। प्रीति शशि माथुर की सहयोगी की बेटी है। आरोपियों के पास से हीरे और सोने के जेवरात, 86 हजार रुपए नकद, मोटरसाइकिल और कुछ अन्य सामान मिले हैं।

अपराध शाखा के विशेष आयुक्त सतीश गोलचा ने बुधवार को पुलिस मुख्यालय में घटना की जानकारी देते हुए बताया कि बुजुर्ग दंपति विष्णु माथुर, शशि माथुर और उनकी नर्सिंग सहायक खुशबू नौटियाल के शव रविवार की सुबह वसंत अपार्टमेंट, वसंत गांव में मिले थे। उनका गला रेता गया था। जांच आगे बढ़ी तो माथुर दंपति की बेटी ने अहम जानकारी पुलिस की दो। बेटी ने बताया था कि अचानक उनकी मां की सहयोगी रही एक महिला की बेटी प्रीति सहरावत उर्फ मोना कुछ दिन पहले घर आई थी और फिर पूरी रात घर में रहकर दूसरे दिन गई थी। प्रीति ने माथुर की बेटी से भी टेलीफोन पर बातचीत की थी। प्रीति माथुर की नर्सिंग सहायक खुशबू का फोन नंबर लेकर गई थी



और दोनों आपस में बातचीत भी करती थीं। प्रीति गुरुग्राम में रहती है। उसने होटल प्रबंधन का पाठयक्रम करने के बाद गुरुग्राम के सेक्टर-9 में रेस्तरां का व्यापार शुरू किया, जिसमें उसे सफलता नहीं मिली। 2000 में उसकी शादी निकोलस नामक एक युवक से हुई और जो 2005 में कनाडा में चली गई। तीन साल पहले जन्मदिन की पार्टी के दौरान प्रीति का परिचय मनोज भट्ट से हुआ। शुरू में दोनों ने साथ व्यापार किया लेकिन घाटा होने के बाद वे व्यापार छोड़ पैसे की जुगत में लग गए। प्रीति और मनोज दोनों सहजीवन साथी के रूप में साथ रहने लगे।

## एनजीटी ने हज हाउस से सील हटाने से किया इनकार

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 26 जून।

राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने बुधवार को जल मल शोधन संयंत्र लगाने में नाकाम रहने पर गाजियाबाद के हज हाउस से सील हटाने से इनकार कर दिया। उत्तर प्रदेश के अर्थला गांव स्थित हज हाउस हिंडन नदी के निकट स्थित निर्माणाधीन सात मंजिला इमारत है और इसे पिछले साल सील कर दिया गया था।

न्यायमूर्ति रघुवेंद्र एस राठौड़ की अध्यक्षता वाली अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि उत्तर प्रदेश प्रदेश हज समिति के अनुरोध को स्वीकार नहीं किया जा सकता क्योंकि बड़ी पीठ इस मामले में पहले ही आदेश पारित कर चुकी है। एनजीटी ने उत्तर प्रदेश हज हाउस कमेटी को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था कि घरेलू अशुद्ध जल के शोधन के लिए 136 किलो लीटर प्रतिदिन का जल मल शोधन संयंत्र लगाया जाए।

एनजीटी ने कहा कि हज हाउस को सीमित समय के लिए सील हटाने की अनुमति दी गई थी और हज हाउस ने अब तक जल मल शोधन संयंत्र स्थापित नहीं किया है। इससे पहले एनजीटी ने गाजियाबाद के हज हाउस की इमारत को ढहाने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया था।

### दक्षिणी दिल्ली नगर निगम ने गृह कर किया दोगुना

# कांग्रेस करेगी आंदोलन

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 26 जून।

सीलिंग के खिलाफ न्याय युद्ध चलाकर राजधानी की सियासत को गरमाने वाले कांग्रेस के पूर्व विधायक मुकेश शर्मा ने दक्षिणी दिल्ली नगर निगम की ओर से हाउस टैक्स (गृह कर) को दोगुना करने के निर्णय के खिलाफ आंदोलन छेड़ने का एलान किया है। निगम द्वारा पार्किंग पर भी शुल्क लगाने और इमारतों के नक्शे पास करने के शुल्क को दोगुना किए जाने की तैयारी का दावा करते हुए दिल्ली के तमाम कांग्रेसियों का आह्वान किया कि वे जनहित के इस मुद्दे पर सड़क पर उतरें और भाजपा शासित नगर निगमों की जोरदार मुखालफत करें।

कांग्रेस नेता शर्मा ने बुधवार को संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि दक्षिणी दिल्ली नगर निगम ने उन संपत्तियों से दोगुना गृह कर वसूलने का आदेश जारी किया है जिनमें किराएदार रहते हैं। उन्होंने कहा कि कुछ दिन बाकी गृह स्वामियों से भी इसी दर से गृह करों की वसूली होगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली की कोई ऐसी अनधिकृत कॉलोनी नहीं है जहां लोगों ने मकानों में दुकान



शर्मा बोले, दक्षिण दिल्ली नगर निगम के फैसले से जनता में रोष

नहीं खोल रखी हो। लिहाजा, नगर निगम का यह फैसला गरीब लोगों को दिल्ली से भगाने का षडयंत्र है। उन्होंने कहा कि बहुत सारे बुजुर्ग लोग अपने मकान को किराए पर लगाकर उससे अपना खर्च चलाते हैं। ऐसे लोगों के साथ भी निगम का यह फैसला घोर अन्याय करने वाला है।

शर्मा ने कहा कि दक्षिण दिल्ली नगर निगम के इस आदेश का कम से कम सूबे के 30 विधानसभा क्षेत्रों पर असर पड़ेगा। उन्होंने दावा किया कि अभी यह आदेश केवल उन संपत्तियों के लिए लागू किया गया है जिनमें किराएदार रहते हैं, लेकिन आने वाले दिनों में तमाम संपत्तियों को इसके दायरे में लिया जाएगा। दूसरी ओर अभी यह आदेश केवल दक्षिण दिल्ली नगर निगम ने जारी किया है लेकिन जल्दी ही उत्तरी दिल्ली नगर निगम और पूर्वी दिल्ली नगर निगम में भी यह आदेश लागू हो जाएगा। कांग्रेस नेता ने निगम के इस फैसले को तुरंत वापस लेने की मांग करते हुए कहा कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो वे नजफगढ़ से इस आदेश के खिलाफ आंदोलन की शुरुआत करेंगे और आवश्यक हुआ तो जेल भी जाने से पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने कहा कि सवाल केवल इमारतों के गृह कर को दोगुना करने का नहीं है बल्कि पार्किंग पर भी गृह कर लगाया जा रहा है। इससे भी दुःखद बात यह है कि पिछले दो महीने से दिल्ली में मकान बनाने के नक्शे इसलिए पास नहीं किए जा रहे क्योंकि इसी महीने के अंत से यह राशि भी दोगुनी की जा रही है। लोगों से नक्शे लेकर जमा कर लिए गए हैं लेकिन उनको पास नहीं किया जा रहा, ताकि बढ़ी हुई लाखों रुपए की दर वसूल कर इन्हें पास किया जाए।




**गुस्सा** जंतर मंतर पर झारखंड में हुई भीड़ की हिंसा के विरोध में प्रदर्शन करते प्रदर्शनकारी। फोटो : आरुष चोपड़ा

## नरेला और रंजीत नगर में लगी आग, लोगों को सुरक्षित निकाला

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 26 जून।

बाहरी दिल्ली के नरेला में बुधवार की सुबह एक किराने की दुकान में आग लगने से एक ही परिवार के दो बच्चों सहित सात लोग झुलस गए। इन्हें राजा हरिश्चंद्र अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने सभी घायलों का इलाज शुरू कर दिया गया है। इनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। आग लगने की वजह फ्रिज के सिलेंडर में विस्फोट बताया जा रहा है। सिलेंडर फटने से धमाका भी हुआ। उधर, रंजीत नगर में बुधवार शाम एक व्यावसायिक परिसर में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। व्यावसायिक परिसर के दूसरी मंजिल पर लगी आग में यहां भी सात लोगों को बाहर निकाला गया, जिसमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारी के मुताबिक हादसे में आठ साल का आयुष और चार साल का विजय 20 फीसद झुलस गया। सोलह



फाइल फोटो

साल के महेश और 15 साल के राजू राम मामूली रूप से झुलस गए। वहीं, 25 साल के भगवान स्वरूप 35 फीसद और 22 साल का सतपाल 40 फीसद झुलस गया। दमकल विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि घटना में 23 वर्षीय अमरजीत 80 फीसद झुलस गया है और उसकी हालत गंभीर बताई जाती है। दमकल विभाग के मुताबिक उसे सुबह चार बजकर 39 मिनट पर आग लगने की सूचना मिली। इसके बाद दो दमकल गाड़ियां घटनास्थल पर भेजी गईं। सुबह पौने सात बजे आग पर काबू पा लिया गया। ऐसा संदेह है कि आग दुकान में लगे बिजली के मीटर से लगी।

## अज्ञात बदमाशों ने चालक पर चलाई गोली, मौत

फरीदाबाद, 26 जून (जनसत्ता)।

बाइपास रोड पर कैली गांव के पास बुधवार सुबह अज्ञात बदमाशों ने एक कार चालक के सिर में गोली मार दी। सिर पर गोली लगने से कार का संतुलन बिगड़ गया और ग्रीनबेल्ट पर लगे एक खंभे से जा टकराई। राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस को दी और घायल व्यक्ति को सेक्टर-8 के सर्वोदय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने चालक को मृत घोषित कर दिया। एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने आए पुलिस आयुक्त संजय कुमार से परिजनों ने मुलाकात की और आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। शव पोस्टमार्टम के लिए बीके अस्पताल भेज दिया गया है।

बल्लभगढ़ के गांव हीरापुर में प्रवीन (35) अपने परिवार के साथ रहता था। वह सीकरी गांव में स्थित टाटा मोटर्स के एक शोरूम के एचआर विभाग में काम करता था। अन्य दिनों की तरह बुधवार सुबह भी प्रवीन अपनी कार से काम पर जा रहा था। कैली गांव से गुजरते समय अचानक एक कार प्रवीन की कार के बराबर में चलने लगी। तभी यह घटना घटी।

## गोली मारने की धमकी देकर लूटा

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 26 जून।

समयपुर बादली में हथियारबंद बदमाशों ने एक कंटेनर चालक को गोली मारने की धमकी देकर लूट लिया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित चालक के बयान पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

भानू प्रताप सिंह परिवार के साथ सिरसपुर में रहता है। वह एक ट्रांसपोर्ट कंपनी में चालक की नौकरी करता है। मंगलवार रात वह अलीपुर से कंटेनर में पॉलिथीन लेकर मोदी नगर गया था। देर रात वापस अलीपुर की तरफ आ रहा था तभी स्वरूप नगर बस स्टैंड पर दो ट्रक उसके आगे खड़े थे। रास्ता नहीं होने के कारण उसने कंटेनर सड़क किनारे खड़ा कर दिया। अचानक चार बदमाश उसके कंटेनर में घुस गए। एक बदमाश ने उसकी कनपटी पर पिस्तौल तान दी। शोर मचाने पर गोली मारने की धमकी देकर उसके साथी ने उसकी जेब से पर्स निकाल लिया। पर्स में कई हजार रुपए, मोबाइल फोन व अन्य कागजात रखे हुए थे। बदमाश कंटनेर के कैबिन में सामान इधर-उधर करते रहे और फरार होने से पहले कंटेनर की चाबी निकालकर बाहर फेंक दी। इसके बाद घटना को अंजाम दिया गया

### शराब तस्कर गिरफ्तार

हरियाणा से अवैध रूप से शराब लाकर दिल्ली के बोर्डर में बेचने वाले दो शातिर शराब तस्करों को पीसीआर पर तैनात पुलिस टीम ने पकड़ा है। आरोपियों की पहचान मुकेश और अहशान के रूप में हुई है। आरोपियों के कब्जे से दो सौ शराब की बोतलें बरामद की गई हैं। अलीपुर पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस अधिकारी के मुताबिक, मंगलवार रात पीसीआर के इंस्पेक्टर श्रीकृष्ण की देखरेख में एएसआइ रोहताश कुमार, कांस्टेबल जगमेंद्र और ड्राइवर कांस्टेबल पवन सिंधु बोर्डर पर तैनात थे। तभी उन्होंने आरोपियों को पकड़ा।

## अंतरराज्यीय समन्वय बैठक में शामिल हुए आला अधिकारी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 26 जून।

अवैध हथियारों और नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ पुलिस मुख्यालय में बुधवार को अंतरराज्यीय स्तर के अधिकारियों की समन्वय बैठक हुई। इस मौके पर दिल्ली पुलिस के सभी आला अधिकारियों के साथ, हरियाणा, बिहार, पंजाब, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, झारखंड और मध्य प्रदेश सहित रेलवे के आला पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

बैठक में अंतरराज्यीय स्तर पर बदमाशों की धड़पकड़ के लिए आपस में खुफिया सूचनाओं का आदान प्रदान करने और अवरोधक लगाकर जांच करने पर जोर दिया गया। नशीले पदार्थों की तस्करी और मकोका जैसे आरोपियों पर तुरंत कार्रवाई करने का बल दिया गया।

### हवाई अड्डे से 1.75 करोड़ मूल्य की विदेशी मुद्रा जब्त

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 26 जून।

इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने 1.75 करोड़ रुपए मूल्य की विदेशी मुद्रा के साथ दो महिलाओं को पकड़ा है। बरामदगी दो अलग-अलग मामले में हुई है। बल के प्रवक्ता के मुताबिक बुधवार तड़के दुबई से मरयम गरबा नामक महिला को 1.61 करोड़ विदेशी मुद्रा के साथ पकड़ा गया। उसने अपने बैग में मुद्रा छिपा रखा था। जबकि एक अन्य मामले में सऊदी अरब के रहने वाली समर अहमद के पास से 14.25 लाख विदेशी मुद्रा बरामद की गई। वह सऊदी की एक विमान से दिल्ली आई थी।




**मांग** राहुल गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष बने रहने की मांग करते युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता।

**तैयारियां** कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ दिल्ली के कांग्रेसी नेताओं की बैठक शुक्रवार को

# हिलेगी शीला की कुर्सी या फिर चाको की होगी छुट्टी?


अजय पांडेय
नई दिल्ली, 26 जून।

कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी शुक्रवार को दिल्ली के कांग्रेसी नेताओं से लोकसभा चुनाव में पार्टी की करारी हार की वजह जानेंगे और राज्य में कुछ ही महीने बाद होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर भी चर्चा करेंगे। लोकसभा चुनाव में मिली हार के बाद कांग्रेस अध्यक्ष गांधी के साथ सूबे के कांग्रेसी दिग्गजों की इस पहली बैठक के बाद प्रदेश कांग्रेस संगठन में बड़े फेरबदल के कयास लगाए जा रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शीला दीक्षित से लेकर प्रभारी पीसी चाको तक को हटाए जाने की अटकलें लगाई जा रही हैं।

लोकसभा चुनाव में करारी हार के बावजूद आम आदमी पार्टी (आप) को नीचे धकेलकर दिल्ली में दूसरे नंबर की पार्टी बनने में कामयाब रही कांग्रेस आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर भारी असमंजस में है। चुनाव ज्यादा दूर नहीं हैं लेकिन यह तय नहीं है कि कांग्रेस, लोकसभा की चुनावी हार के बाद पद से इस्तीफा दे चुकीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीक्षित की ही अगुआई में विधानसभा चुनाव लड़ेगी या फिर किसी और नेता को चेहरा बनाया जाएगा। दूसरी ओर यह भी देखना दिलचस्प है कि अपनी नियुक्ति के बाद से सूबे में कांग्रेस की चार-पांच हार देख चुके दिल्ली कांग्रेस के प्रभारी पीसी चाको को विधानसभा चुनाव के लिए भी पद पर बने रहने की मोहलत दी जाएगी या नहीं?



शीला दीक्षित खेमे के नेताओं का कहना है कि लोकसभा चुनाव परिणामों के बाद प्रदेश अध्यक्ष पद से दीक्षित के इस्तीफे को इसलिए बहुत गंभीरता से नहीं लिया जाना चाहिए क्योंकि अकेले उन्होंने ही नहीं, बल्कि 24 प्रदेश कांग्रेस अध्यक्षों ने पार्टी हाईकमान को अपना इस्तीफा भेजा था। उन्होंने कहा कि पार्टी का शीर्ष नेतृत्व दीक्षित को हटाने के पक्ष में नहीं है, अलबत्ता प्रदेश के प्रभारी चाको की छुट्टी जरूर हो सकती है



चाको के करीबी नेताओं का कहना है कि कांग्रेस हाईकमान ने अब तक शीला दीक्षित के इस्तीफे को अस्वीकार भी नहीं किया है। जाहिर है कि जब तक इस मुद्दे पर फैसला नहीं हो जाता, तब तक माना जाना चाहिए कि कुछ भी हो सकता है। अब देखना ये है कि अपनी नियुक्ति के बाद से सूबे में कांग्रेस की चार-पांच हार देख चुके पीसी चाको को विधानसभा चुनाव के लिए भी पद पर बने रहने की मोहलत दी जाएगी या नहीं?

शीला दीक्षित खेमे के नेताओं का कहना है कि लोकसभा चुनाव परिणामों के बाद प्रदेश अध्यक्ष पद से दीक्षित के इस्तीफे को इसलिए बहुत गंभीरता से नहीं लिया जाना चाहिए क्योंकि अकेले उन्होंने ही नहीं, बल्कि 24 प्रदेश कांग्रेस अध्यक्षों ने पार्टी हाईकमान को अपना इस्तीफा भेजा था। उन्होंने कहा कि पार्टी का शीर्ष नेतृत्व दीक्षित को हटाने के पक्ष में नहीं है, अलबत्ता प्रदेश के प्रभारी चाको की छुट्टी जरूर हो सकती है क्योंकि उनके पद संभालने के बाद से पार्टी लगातार हार रही है और दूसरी ओर वे प्रदेश के तमाम नेताओं को साथ लेकर चलने में नाकाम रहे हैं।

चाको के करीबी नेताओं का कहना है कि कांग्रेस हाईकमान ने अब तक शीला दीक्षित के इस्तीफे को अस्वीकार भी नहीं किया है। जाहिर है कि जब तक इस मुद्दे पर फैसला नहीं हो जाता, तब तक माना जाना चाहिए कि कुछ भी हो सकता है। उनका यह भी कहना है कि प्रदेश अध्यक्ष दीक्षित की सेहत पार्टी के लिए मुश्किल चुनौती बनी हुई है। उनके बारे में यह धारणा बन रही है कि बढ़ती उम्र और कमजोर सेहत के कारण वह पहले की तरह पार्टी के पक्ष में धुआंधार चुनाव प्रचार नहीं कर पा रहीं। खास बात यह है कि दीक्षित के तमाम विरोधी नेताओं ने चाको के पक्ष में झंडा थाम रखा है। कांग्रेस अध्यक्ष के घर पर होने वाली बैठक में प्रदेश अध्यक्ष दीक्षित के अलावा तीनों प्रदेश कार्यकारी अध्यक्षों और चुनाव लड़ने वाले सभी उम्मीदवार पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय माकन, अरविंदर सिंह लवली और जयप्रकाश अग्रवाल, पूर्व सांसद महाबल मिश्रा, राजेश लिलोठिया व मुक्केबाज बिजेंद्र सिंह के शामिल होने की संभावना है।

सूत्रों का कहना है कि 28 जून की बैठक के बाद ही तय होगा कि प्रदेश कांग्रेस का ऊंट किस करवट बैठेगा। कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की बैठक में अगर दीक्षित के नेतृत्व में ही विधानसभा चुनाव लड़ने का फैसला हुआ तो ज्यादा संभावना इस बात की है कि चाको की जगह किसी अन्य नेता को दिल्ली का प्रभारी बनाया जाएगा। हालांकि एक संभावना यह भी बनी हुई कि कांग्रेस हाईकमान दीक्षित व चाको दोनों को हटाकर किसी नए चेहरे पर दांव लगा दे।

## शहीदों के लिए एकत्रित की धनराशि

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 26 जून।

पुलवामा में सीआरपीएफ के शहीद हुए 40 जवानों के लिए साउथ दिल्ली न्यूज पेपर डिस्ट्रिब्युशन वेलफेयर एसोसिएशन की अगुआई में सभी अखबार वितरक बंधुओं व प्रेस के साथियों ने अपनी कमाई से धनराशि एकत्रित की। जगमोहन महलावत की अध्यक्षता में एक प्रतिनिधिमंडल जिसमें एके राय, ओम सिंह राजावत, मनोज कुमार, संदीप भंडारी, प्रदीप कुमार, बीरबल मिश्रा आदि ने विजय कुमार डीआइजी (आइटी) सीआरपीएफ को 1,34,000 का चेक शहीद के खाते में डालने के लिए दिया।

### आज के कार्यक्रम

**नृत्य**

**इंडिया हेबीटेट सेंटर:** ओडिसी नृत्य, सेंटर ऑडिटोरियम, लोधी रोड, शाम सात बजे।

**प्रदर्शनी**

**इंडिया इंटरनेशनल सेंटर:** प्रदर्शनी, एनेक्स आर्ट गैलरी, सेंटर परिसर, 40 मैक्सम्यूलर मार्ग, सुबह 11 बजे से।

# राजीव सक्सेना को विदेश जाने की अनुमति देने के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 26 जून।

सुप्रीम कोर्ट ने अगस्ता वेस्टलैंड हेलिकॉप्टर सौदे से जुड़े धनशोधन मामले में सरकारी गवाह राजीव सक्सेना को रक्त कैंसर व अन्य बीमारियों के इलाज के लिए विदेश जाने की अनुमति देने के दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश पर बुधवार को रोक लगा दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति बीआर गवई के अवकाशकालीन पीठ ने हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगाने के साथ ही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की अपील पर राजीव सक्सेना को नोटिस भी जारी कर दिया।

निदेशालय ने राजीव सक्सेना को 25 जून से 24 जुलाई तक संयुक्त अरब अमीरात, ब्रिटेन और यूरोप जाने की अनुमति देने संबंधी हाई कोर्ट के दस जून के आदेश को चुनौती दे रखी है। सक्सेना दुबई की कंपनी 'यूएचवाई सक्सेना' और 'मैट्रिक्स होल्डिंग्स' का निदेशक है। 3600 करोड़ रुपए के अगस्ता वेस्टलैंड सौदा मामले में निदेशालय द्वारा दाखिल आरोप पत्र में उसे आरोपी बनाया गया है।

पीठ ने हाई कोर्ट के आदेश पर तीन हफ्ते के लिए रोक लगाई और एम्स के निदेशक को सक्सेना की मानसिक व शारीरिक जांच कर तीन हफ्ते के भीतर रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। शीर्ष अदालत प्रवर्तन निदेशालय की अपील पर अब तीन हफ्ते बाद सुनवाई करेगी। अदालत ने सक्सेना के वकील को यह निर्देश प्राप्त करने के लिए भी कहा कि क्या सक्सेना की बहन और रिश्तेदार रक्त कैंसर व अन्य रोगों के इलाज के लिए उसे बाहर जाने देने के लिए गारंटी के तौर पांच-पांच करोड़ रुपए की जमानत राशि जमा करने के लिए तैयार हैं।

इससे पहले, प्रवर्तन निदेशालय की ओर से महान्यायवादी तुषार मेहता ने कहा कि अन्य अपराधों से जुड़े कुछ नए तथ्य सामने आए हैं और सीबीआइ सक्सेना के खिलाफ जल्द ही आधिकारिक तौर पर प्राथमिकी दर्ज करने जा रही है। मेहता ने कहा कि सक्सेना भारत लौटेंगे या नहीं यह प्रश्न ही बेमानी है और नए तथ्यों के आलोक में उसे विदेश जाने की अनुमति देने वाले आदेश की विवेचना की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि राजीव सक्सेना को विदेश जाने की अनुमति देने के हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली प्रवर्तन निदेशालय की याचिका में एक पक्षकार बनने के लिए सीबीआइ ने भी आवेदन दायर किया है। उन्होंने कहा कि सीबीआइ एक प्राथमिकी के आधार पर स्वतंत्र जांच कर रही है। यह जांच प्रवर्तन निदेशालय की जांच से अलग है।

निदेशालय ने सक्सेना की याचिका पर पहले आपत्ति जताते हुए कहा था कि भारत में उसकी जड़ें नहीं हैं और अगर उसे विदेश जाने की अनुमति मिल गई तो हो सकता है कि वे वापस ही नहीं लौटे। इसने कहा कि सक्सेना की बीमारी का इलाज भारत में भी है और सरकारी गवाह सिर्फ अपराध में अपनी भूमिका का ही खुलासा नहीं कर रहा है बल्कि भ्रष्टाचार के मामले में अन्य लोगों की संलिप्तता के बारे में भी बता रहा है।

# परमाणु संयंत्रों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं : सरकार

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 26 जून।

सरकार ने बुधवार को कहा कि भारतीय परमाणु कार्यक्रम के तहत परमाणु संयंत्रों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले पांच साल में परमाणु कार्यक्रम को बल मिला है। प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्यमंत्री जितेंद्र सिंह ने लोकसभा में प्रश्नकाल में कहा कि भारतीय परमाणु कार्यक्रम के तहत परमाणु संयंत्रों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। उन्होंने परमाणु संयंत्रों की सुरक्षा पर संतोख सिंह अहलावत के पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि हमारे लिए 'सुरक्षा पहले, उत्पादन बाद में' है। देश में परमाणु संयंत्रों की सुरक्षा को लेकर कोई संदेह नहीं है।

परमाणु ऊर्जा मंत्रालय से संबंधित प्रश्न के दौरान सदन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उपस्थित थे। जितेंद्र सिंह ने कहा कि देश में परमाणु ऊर्जा आने वाले समय में बिजली का मुख्य स्रोत होगी। देश में अनेक क्षेत्रों में परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जा रहे हैं और केंद्रीय मंत्रिमंडल ने निर्णय किया है कि देश में अगले कुछ साल तक हर वर्ष एक परमाणु संयंत्र स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने पिछले चार-पांच साल में कई ऐसे निर्णय लिए हैं जिससे देश में परमाणु कार्यक्रम को बल मिला है।

# बीकानेर हाउस पर 18.70 लाख का जुर्माना

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 26 जून।

दिल्ली सरकार के वन विभाग ने बीकानेर हाउस पर राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के आदेश का पालन नहीं करने के लिए 18.70 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। एनजीटी ने बीकानेर हाउस परिसर में पेड़ के तनों के आसपास कंक्रीट के फर्श को हटाए जाने का आदेश दिया था। अधिकरण ने 23 अप्रैल, 2013 को निर्देश दिए थे कि पेड़ों के तनों के आसपास एक मीटर के दायरे में कंक्रीट का फर्श नहीं होना चाहिए, ताकि पेड़ों का बेहतर विकास सुनिश्चित किया जा सके।

अधिकरण ने 2013 में वकील आदित्य प्रसाद की एक याचिका पर यह आदेश दिया था। एनजीटी के आदेश पर दक्षिणी दिल्ली के वन उप संरक्षक और दक्षिणी वन प्रभाग के अन्य अधिकारियों ने सात जून को बीकानेर हाउस परिसर का निरीक्षण किया था और पाया था कि उनके चारों ओर समतल फर्श होने के कारण 187 पेड़ दब चुके हैं।

## गार्ड की आंखों में मिर्ची झोंक बाल सुधार गृह से तीन बाल अपराधी फरार

मुरैना, 26 जून (जनसत्ता)।

यहां के सरकारी बाल संरक्षण गृह से मंगलवार रात तीन बाल कैदी सुरक्षाकर्मी की आंख में मिर्ची पाउडर झोंक कर भाग गए। तीनों भिंड जिले के रौन थाने में घटित हत्या, हत्या के प्रयास के मामले में आरोपी थे। नाबालिग होने के नाते इन्हें बाल अपराध बोर्ड के सामने सुनवाई के लिए भिंड से यहां भेजा गया था। एक साल में इस बाल संरक्षण गृह से बाल अपराधियों के फरार होने की यह तीसरी घटना है।

## जेल में तमंचे का वीडियो, चार कारागार कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई

लखनऊ, 26 जून (भाषा)।

उन्नाव जेल में एक कैदी के कथित तमंचा लेकर फिल्मी अंदाज में खड़े होने और बैरक में खाने-पीने की चीजें रखी होने संबंधी वीडियो के मामले में हेड जेल वार्डर समेत चार कारागार कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

गृह विभाग के सूत्रों ने बुधवार को बताया कि उन्नाव जेल से संबंधित एक वीडियो में हत्या का सजायाफ्ता अमरीश और कई मामलों में जेल में बंद गौरव प्रताप सिंह तमंचा लहराते दिखते हैं। इसके अलावा बैरक में खाने-पीने की चीजें भी दिख रही हैं।

अपर पुलिस महानिदेशक (कारागार) आनंद कुमार ने इसे गंभीर विषय बताते हुए कहा कि मामले की जांच में पता चला है कि जेल में कुछ कर्मचारियों की मदद से जेल प्रशासन पर दबाव बनाने के लिए यह घटना अंजाम दी गई है। उन्होंने बताया कि इस मामले में जेल के हेड वार्डर माता प्रसाद, हेमराज, जेल वार्डर अवधेश साहू और सलीम खां की मिलीभगत पाई गई है और उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। कुमार ने बताया कि वायरल हुआ वीडियो फरवरी माह का वीडियो है। इसमें दिख रहे बंदी अमरीश को मेरठ से जबकि गौरव को लखनऊ से उन्नाव जेल लाया गया था। इस बीच, राज्य पुलिस द्वारा जारी बयान के मुताबिक मामले की छानबीन में पता चला है कि बंदी गौरव बहुत अच्छा पेंटर है और वीडियो में जो तमंचा दिख रहा है, वह मिट्टी का बना है। इसके अलावा खाने-पीने की जो चीजें वीडियो में दिखायी दे रही हैं, वह जेल में बंदियों को नियमित रूप से दी जाने वाली सामग्री है।

# बेकाबू एसयूवी ने फुटपाथ पर सो रहे बच्चों को कुचला

## तीन बच्चों की मौके पर ही मौत, एक का पांव टूटा

पटना, 26 जून (भाषा)।

पटना शहर के अगमकुआं थाना क्षेत्र के कुम्हरार इलाके में मंगलवार देर रात एक अनियंत्रित एसयूवी ने फुटपाथ पर सो रहे चार बच्चों को कुचल दिया जिसमें तीन बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक बच्चे का पांव टूट गया है।

अपर पुलिस अधीक्षक बलिराम चौधरी ने घटना के बारे में बताया कि इस हादसे में एसयूवी चालक की भी मौत हो गई है जबकि एसयूवी में सवार गंभीर रूप से घायल एक अन्य व्यक्ति और घायल बच्चे को इलाज के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

इस हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने टायर जलाकर सड़क को जाम कर दिया। चौधरी ने चालक की आक्रोशित लोगों द्वारा की गई पिटाई से मौत होने से इनकार करते हुए कहा कि हादसे में बुरी तरह घायल होने से उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।


प्रपत्र सं. आइएनसी–26
[कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसरण में]

केन्द्रीय सरकार / प्रादेशिक निदेशक के समक्ष उत्तरी क्षेत्र, नई दिल्ली
कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उपधारा (4) और कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के उपनियम (5) के खंड (अ) के मामले में
और
सरवन प्रिंट पैक प्राईवेट लिमिटेड
जिसका रजिस्ट्रीकृत कार्यालय : ऑफिस नं. –3, जी–81ए, फर्स्ट फ्लोर, लक्ष्मी नगर, दिल्ली – 110092 में स्थित है
.......याचिकाकर्ता

सूचना

आम जनता को यह नोटिस दी जाती है कि यह कंपनी केन्द्रीय सरकार के समक्ष कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के अधीन आवेदन फाइल का प्रस्ताव करती है जिसमें कंपनी का रजिस्ट्रीकृत कार्यालय राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली से राजस्थान राज्य में स्थानांतरित करने के लिए तारीख 07.06.2019 को आयोजित असाधारण अधिवेशन में पारित विशेष संकल्प के संदर्भ में कंपनी के संगम ज्ञापन में संशोधने की पुष्टि की मांग की गई है।

कंपनी के रजिस्ट्रीकृत कार्यालय के प्रस्तावित स्थानांतरण से यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होता है तो वह व्यक्ति या तो निवेशक शिकायत प्ररुप फाइल कर एमसीए–21 पोर्टल (www.mca.gov.in) में शिकायत दर्ज कर सकता है या एक शपथ पत्र जिसमें उनके हित का प्रकार और उसके विरोध का कारण उल्लिखित हो के साथ अपनी आपत्ति प्रादेशिक निदेशक को इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 14 दिनो के भीतर बी–2 विंग, द्वितीय तल, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली–110003 पते पर पंजीकृत डाक द्वारा भेज सकता है या सुपुर्द कर सकते हैं और इसकी प्रति आवेदक कंपनी को उनके उपरोक्त रजिस्ट्रीकृत कार्यालय के पते पर भी भेजेगा।

उनके लिए और उनकी तरफ से
सरवन प्रिंट पैक प्राईवेट लिमिटेड
हस्ता. / –
(सरवन जैन)
निदेशक
डीआईएन : 00011258

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 24.06.2019



(THIS IS A PUBLIC ANNOUNCEMENT FOR INFORMATION PURPOSES ONLY AND NOT AN OFFER DOCUMENT)

# SCANPOINT GEOMATICS LIMITED

**Corporate Identity Number: L22219GJ1992PLC017073**

Our Company was originally incorporated as 'Scanpoint Graphics Limited' as a public limited company under the Companies Act, 1956 and was granted the certificate of incorporation on February 07, 1992. Thereafter, our Company was granted the certificate of commencement of business dated March 06, 1992. Subsequently, pursuant to a special resolution of the shareholders dated September 10, 2007, the name of our Company was changed to 'Scanpoint Geomatics Limited' vide Fresh certificate of Incorporation consequent upon change of name dated April 22, 2008 issued by the Registrar of Companies, Gujarat, Dadra & Nagar Haveli. For details of change in name and Registered Office of our Company, please see chapter titled *"History and Certain Corporate Matters"* beginning on page 41of the Letter of Offer.

**Registered Office:** 9, Mahakant Complex, Opposite V. S. Hospital, Ashram Road, Ahmedabad - 380006, Gujarat, India.
**Tel:** +91 79 26575365 / 26575371 | **Email:** info@sgligis.com
**Corporate Office:** 12, Abhishree Corporate Park, ISKCON - Ambli Road, Ahmedabad - 380 058, Gujarat, India.
**Tel:** +91 2717 297096 / 297098 | **Fax:** + 91 2717 297039
**Contact Person:** Mr. Mukesh Limbachiya, Company Secretary and Compliance Officer | **Email:** cs@sgligis.com | **Website:** www.sgligis.com

**PROMOTER OF OUR COMPANY: MR. RAMESHCHANDRA K. SOJITRA**

**ISSUE OF UP TO 43,33,819 EQUITY SHARES WITH A FACE VALUE OF ₹ 2 EACH ("RIGHTS EQUITY SHARES") FOR CASH AT A PRICE OF ₹ 23 EACH INCLUDING A SHARE PREMIUM OF ₹ 21 PER EQUITY SHARE ("ISSUE PRICE") AGGREGATING TO AN AMOUNT UP TO ₹ 996.78 LAKH ON A RIGHTS BASIS TO THE EXISTING EQUITY SHAREHOLDERS OF OUR COMPANY IN THE RATIO OF 62 RIGHTS EQUITY SHARES FOR EVERY 645 FULLY PAID UP EQUITY SHARES HELD BY THE EXISTING EQUITY SHAREHOLDERS ON THE RECORD DATE, THAT IS ON WEDNESDAY, MAY 15, 2019 (THE "ISSUE"). THE ISSUE PRICE FOR THE RIGHTS EQUITY SHARES IS 11.5 TIMES THE FACE VALUE OF THE EQUITY SHARES. FOR FURTHER DETAILS, PLEASE SEE THE CHAPTER TITLED "TERMS OF THE ISSUE" BEGINNING ON PAGE 159 OF THE LETTER OF OFFER.**

## BASIS OF ALLOTMENT

The Board of Directors of our Company thank all Investors for their response to the Issue, which opened on Wednesday, May 29, 2019 and closed on Friday, June 14, 2019. The total number of Composite Application Forms (**"CAFs"/"Applications"**) (net of cheque return) (including 308 ASBA Applications) received were 659 for 44,70,288 Equity Shares which includes Applications for subscriptions to Additional Equity Shares. The Issue was subscribed to the extent of 103.15 % (net of cheque return) of the Issue size in terms of the number of Equity Shares applied. The Basis of Allotment was finalized on June 21, 2019 in consultation with BSE Limited (**"BSE"**), the Designated Stock Exchange. The Board of Directors of the Company approved the allotment of 43,33,819 Equity Shares on June 24, 2019. In the Issue, no Equity Shares have been kept in abeyance. All valid Applications (including ASBA Applications) after technical rejections have been considered for Allotment. The breakup of valid applications is given below:-

**1. Basis of Allotment:**

| Applicants | Number of valid applications received (including ASBA) and allotted | Number of Equity Shares applied for and allotted against Rights Entitlement (A) | Number of Additional Equity Shares allotted (B) | Total Rights Equity Shares allotted (A+B) |
|---|---|---|---|---|
| Eligible Shareholders | 606 | 6,22,116 | 5,56,495* | 11,78,611 |
| Renouncees | 44 | 27,01,886 | 4,53,322 | 31,55,208 |
| **TOTAL** | **650** | **33,24,002** | **10,09,817** | **43,33,819** |

* *Includes 511 Additional Rights Equity Shares applied by the shareholders whose fractional entitlement has been ignored at the time of computation of Rights entitlement and also includes 24 Equity Shares applied by the shareholders having zero entitlement.*

**2. Information regarding All Applications Received (including ASBA Application received)**

| Category | Applications Received (including ASBA) | | Equity Shares Applied for | | | Equity Shares Allotted | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Number | % | Number | Value (₹) | % | Number | Value (₹) | % |
| Eligible Shareholders | 612 | 92.87% | 11,81,872 | 2,71,83,079.00 | 26.44% | 11,78,611 | 2,71,08,053.00 | 27.20% |
| Renouncees | 47 | 7.13% | 32,88,416 | 7,56,33,568.00 | 73.56% | 31,55,208 | 7,25,69,784.00 | 72.80% |
| **TOTAL** | **659** | **100.00%** | **44,70,288** | **10,28,16,647.00** | **100.00%** | **43,33,819** | **9,96,77,837.00*** | **100.00%** |

* *Includes DD Charges of ₹170 which will be borne by the Company and ₹ 285.00 Lakh consisting Application by the Promoter of the Company consented to adjust the interest-free unsecured loans against monies payable by him to the extent of his entitlement, renunciation of entitlement in his favour as well as Additional Rights Equity Shares applied for by him (in part or full, as the case may be) in the Issue as mentioned in the Letter of Offer dated May 15, 2019.*

The Company has received approval for listing of 43,33,819 Equity Shares issued on Rights Basis from the BSE Limited (**"BSE"**) on June 24, 2019. The refund instructions were initiated on June 25, 2019 and the dispatch of Allotment Advice cum Refund Intimation to the allottees, as applicable, has been completed on June 25, 2019.

The credit of Equity Shares to the respective demat accounts of the shareholders in respect of Allotment in dematerialized form has been completed on June 25, 2019. The trading in Equity Shares issued in the Rights Issue shall commence on BSE upon receipt of trading permission. The trading is expected to commence on or before June 27, 2019.

**INVESTORS MAY PLEASE NOTE THAT THE EQUITY SHARES CAN BE TRADED ON THE STOCK EXCHANGE ONLY IN THE DEMATERIALISATION FORM.**

**NO OFFER IN THE UNITED STATES:** The Rights Entitlements and the Rights Equity Shares have not been and will not be registered under the United States Securities Act, 1933, as amended (**"Securities Act"**), or any U.S. state securities laws and may not be offered, sold, resold or otherwise transferred within the United States of America or the territories or possessions thereof (**"United States"** or **"U.S."**) or to, or for the account or benefit of, "U.S. persons" (as defined in Regulation S under the Securities Act (**"Regulation S"**), except in a transaction exempt from the registration requirements of the Securities Act. The Rights Entitlements referred to in the Letter of Offer are being offered in India, but not in the United States. The offering to which the Letter of Offer and Abridged Letter of Offer relates is not, and under no circumstances is to be construed as, an offering of any securities or rights for sale in the United States or as a solicitation therein of an offer to buy any of the said securities or rights. Accordingly, the Draft Letter of Offer / Letter of Offer / Abridged Letter of Offer and the CAF should not be forwarded to or transmitted in or into the United States at any time.

**DISCLAIMER CLAUSE OF SEBI:** SEBI only gives its observations on the Draft Letter of Offer and this does not constitute approval of either the Issue or the Draft Letter of Offer. Investors are advised to refer to the Letter of Offer for the full text of the *"Disclaimer Clause of SEBI"* on page 152 of the Letter of Offer.

**DISCLAIMER CLAUSE OF BSE (THE DESIGNATED STOCK EXCHANGE):** It is to be distinctly understood that the permission given by BSE Limited should not, in anyway, be deemed or construed that the Letter of Offer has been cleared or approved by BSE Limited; nor does it certify the correctness or completeness of any of the contents of the Letter of Offer. The investors are advised to refer to the Letter of Offer for the full text of the *"Disclaimer Clause of BSE"* Limited on page 155 of the Letter of Offer.

All capitalised terms not defined herein shall have the same meanings ascribed to such terms in the Letter of Offer.

**LEAD MANAGER TO THE ISSUE**

**Vivro Financial Services Private Limited**
Vivro House, 11, Shashi Colony,
Opposite Suvidha Shopping Center, Paldi,
Ahmedabad - 380007, Gujarat, India.
**Tel.:** +91-79-4040 4242
**Fax:** +91-79-2665 0570
**Email:** scanpoint@vivro.net
**Website:** www.vivro.net
**Investor Grievance Email:** investors@vivro.net
**Contact Person:** Vatsal Shah/ Bhargav Parekh
**SEBI Registration No.** INM000010122
**CIN:** U67120GJ1996PTC029182

**REGISTRAR TO THE ISSUE**

**Link Intime India Private Limited**
C-101, 1st Floor, 247 Park, L.B.S. Marg,
Vikhroli (West), Mumbai– 400083,
Maharashtra, India
**Tel.:** + 91-22-4918 6200
**Fax:** +91-22-4918 6195
**Email:** scanpoint.rights2019@linkintime.co.in
**Website:** www.linkintime.co.in
**Investor Grievance Email:** scanpoint.rights2019@linkintime.co.in
**Contact Person:** Sumeet Deshpande
**SEBI Registration Number:** INR000004058
**CIN:** U67190MH1999PTC118368

**COMPANY SECRETARY**

**Mr. Mukesh Limbachiya**
**Scanpoint Geomatics Limited**
12, Abhishree Corporate Park, ISKCON- Ambli Road, Ahmedabad- 380 058, Gujarat, India.
**Telephone:** +91-2717-297096/98 | **Fax:** +91-2717-297039
**Email:** cs@sgligis.com **Website:** www.sgligis.com

Investors may contact the Registrar to the Issue or the Company Secretary and Compliance Officer for any Post-Issue related matter. All grievances relating to the ASBA process may be addressed to the Registrar to the Issue, with a copy to the SCSB, giving full details such as name, address of the applicant, number of Equity Shares applied for, Amount blocked, ASBA Account number and the Designated Branch of the SCSB where the CAF was submitted by the ASBA Investors.

**For Scanpoint Geomatics Limited**
**Sd/-**
**Mukesh Limbachiya**
**Company Secretary and Compliance Officer**

**Place :** Ahmedabad
**Date :** June 26, 2019

**THE LEVEL OF SUBSCRIPTION SHOULD NOT BE TAKEN TO BE INDICATIVE OF EITHER THE MARKET PRICE OF THE EQUITY SHARES ON LISTING OR THE BUSINESS PROSPECTS OF SCANPOINT GEOMATICS LIMITED.**

**Disclaimer:** The Letter of Offer has been filed with the Securities and Exchange Board of India and BSE Limited. The Letter of Offer is available on the website of SEBI at www.sebi.gov.in, website of designated stock exchange i.e. BSE Limited at www.bseindia.com and the website of the Lead Manager at www.vivro.net. Investors should note that investment in securities involves a high degree of risk and are requested to refer to the Letter of Offer, including the section *"Risk Factors"* beginning on page 16 of the Letter of Offer.

Raka



**POST-OFFER PUBLIC ANNOUNCEMENT FOR THE ATTENTION OF THE EQUITY SHAREHOLDERS OF**

# MACK TRADING COMPANY LIMITED

**(CIN: L51900MH1980PLC022532)**
**Registered Office: 5-C, Sindhu House, Nanabhai Lane, Flora Fountain, Fort, Mumbai – 400 001**
**Tel: +91 22 2204 7404; Email: info@macktradingcompany.com**
**Website: www.macktradingcompany.com; Contact Person: Mr. Vikas Pavankumar, Director**

This Post Offer Public Announcement ("**Post Offer PA**") is being issued by Mrs. Rita Pavankumar (hereinafter referred to as the "**Acquirer**") to the Public Shareholders of Mack Trading Company Limited (hereinafter referred to as the "**Company**") in respect of the proposed acquisition and voluntary delisting of the equity shares of face value of ₹ 10/- each ("**Equity Shares**") of the Company from the BSE Limited (hereinafter referred to as the "**BSE**"/ "**Stock Exchange**") pursuant to Regulation 18 and other applicable provisions of the Securities and Exchange Board of India (Delisting of Equity Shares) Regulations, 2009, as amended from time to time ("**Delisting Regulations**") ("**Delisting Offer**"). This Post Offer PA should be read in conjunction with the Public Announcement dated June 6, 2019 ("**Public Announcement**"/ "**PA**") and the Letter of Offer ("**LOF**") dated June 7, 2019. The capitalized terms used but not defined in this Post Offer PA shall have the same meaning assigned to them in the PA and the LOF.

The Acquirer had issued the PA seeking to acquire, in accordance with the Delisting Regulations and on the terms and conditions set out therein and in the LOF, 1,54,450 Equity Shares representing 45.03% of paid-up equity share capital of the Company from its Public Shareholders. The Public Shareholders holding Equity Shares were invited to submit bids pursuant to the reverse book-building Process ("**RBB Process**") conducted through the Stock Exchange Mechanism made available by the BSE Limited during the bid period (i.e. June 14, 2019 to June 20, 2019), in accordance with the Delisting Regulations.

1. **Discovered Price and Exit Price**
   In terms of Regulation 15(1) of the Delisting Regulations, the price determined as Discovered Price (being the price at which shares accepted through eligible bids tendered in the RBB Process results in the shareholding of the Promoter and Promoter Group reaches to 90% of the paid-up equity share capital of the Company) is ₹ 75/- (Rupees Seventy Five Only) per Equity Share. The Acquirer has accepted the Discovered Price of ₹ 75/- (Rupees Seventy Five Only) per Equity Share as the final price for the Delisting Offer ("**Exit Price**").
2. **Success of the Delisting Offer**
   a) In terms of Regulation 17(1)(a) of the Delisting Regulations, and as stated in clause 9.2 of the PA and clause 9.2 of the LOF, the Delisting Offer will be deemed to be successful only if a minimum of 1,20,150 Equity Shares were tendered and acquired in the Delisting Offer at or below the Exit Price so as to cause the cumulative number of Equity Shares held by the Promoter and Promoter Group post acquisition under the Delisting Offer through the Acquisition Window Facility to be equal to or in excess of 3,08,700 Equity Shares constituting 90% of the paid-up equity share capital of the Company.
   b) The Acquirer will acquire 1,33,094 Equity Shares which were validly tendered at the Exit Price, which is higher than the minimum number of Equity Shares (i.e. 1,20,150) required for the Delisting Offer to be successful in terms of Regulation 17(1)(a) of the Delisting Regulations. After the completion of such acquisition, the shareholding of the Promoters shall be 93.77% of the paid-up equity share capital of the Company.
   c) In terms of Regulation 17(1)(b) of the Delisting Regulations, and as stated in clause 9.3 of the PA and clause 9.3 of the LOF, at least 10 (Ten) Public Shareholders i.e., minimum of 25% of the number of Public Shareholders holding Equity Shares in dematerialized form as on March 15, 2019 (i.e. being the date of the meeting in which the proposal for Delisting was approved by the Board of Directors) were required to participate in the RBB Process, provided that if the Acquirer along with the Manager to the Offer demonstrate that she has delivered the LOF of this Delisting Offer to all the Public Shareholders either through registered post or speed post or courier or hand delivery with proof of dispatch or through email as a text or as an attachment to the email or as a notification providing electronic link or uniform resource locator including a read receipt (referred to as the "**LOF Delivery Requirement**"), then the mandatory participation of aforementioned number of the Public Shareholders is not required. Further, pursuant to Explanation I of Regulation 17(1)(b) of the Delisting Regulations the LOF Delivery Requirement is deemed to have been complied with (i) if the Acquirer or the Manager to the Offer dispatches the Letter of Offer to all the Public Shareholders of the Company by registered post or speed post through the India Post and is able to provide a detailed account regarding the status of delivery of the Letter of Offer (whether delivered or not) sent through India Post; (ii) if the Acquirer or the Manager to the Offer is unable to deliver the Letter of Offer to certain Public Shareholders of the Company by modes other than speed post or registered post of India Post, efforts should have been made to dispatch the Letter of Offer to them by speed post or registered post of India Post and is able to provide a detailed account regarding the status of delivery of the Letter of Offer (whether delivered or not) sent through India Post.
   d) Universal Capital Securities Pvt. Ltd., Registrar to the Offer has dispatched the Letter of Offer on June 10, 2019 to all the Public Shareholders as on the Specified Date i.e., June 7, 2019 through Speed Post / Email (where email ids were available). The Registrar has confirmed that the LOF has been dispatched to all the Public Shareholders by Speed Post / Email (where email ids were available) and the Acquirer is able to provide a detailed account regarding the status of delivery of LOF.
   e) The Delisting Offer is thus deemed to be successful in terms of the Delisting Regulations.
3. All the Public Shareholders who have validly tendered their Equity Shares at or below the Exit Price will be paid consideration at the Exit Price of ₹ 75/- (Rupees Seventy Five Only). The last date of payment of consideration to all the Public Shareholders who have validly tendered their Equity Shares at or below the Exit Price and whose Bids have been accepted will be Thursday, July 4, 2019.
4. In regard to the Equity Shares of the Public Shareholders whose Bids have been rejected, the demat shares would be returned to the respective Public Shareholders in accordance with Methods of Settlement contained in clause 13.5 of the PA, the clause 13.5 of the LOF, read along with SEBI Circular no. CIR/CFD/POLICYCELL/1/2015 dated April 13, 2015 and CFD/DCR2/CIR/P/2016/131 dated December 09, 2016.
5. Subsequently, the Company will initiate the necessary steps to delist the Equity Shares of the Company from the BSE. The date of delisting of Equity Shares shall be announced in the same newspapers in which the PA and this Post Offer PA has appeared.
6. **Outstanding Equity Shares after Delisting**
   In accordance with Regulation 21 of the Delisting Regulations, all Public Shareholders who did not participate or were not able to participate or who unsuccessfully tendered their Equity Shares in the RBB Process will be able to offer their Equity Shares to the Acquirer at the Exit Price during a period of one year starting from the date of delisting of the Equity Shares from the BSE ("**Exit Window**"). A separate exit offer letter ("**Exit Offer Letter**") in this regard will be sent to such Residual Public Shareholders which will contain terms and conditions for participation in the Exit Window.
7. All other terms and conditions set forth in the PA and LOF remain unchanged.
8. This Post Offer PA is issued by the Acquirer in terms of Regulation 18 of the Delisting Regulations. If the Public Shareholders have any query with regard to the Delisting Offer, they may contact the Manager to the Offer or the Registrar to the Offer.

**MANAGER TO THE DELISTING OFFER**

KJMC ADVICE MATTERS
**KJMC Corporate Advisors (India) Limited**
**SEBI Regn No.:** INM000002509
162, 16th Floor, Atlanta,
Nariman Point, Mumbai 400021
**Telephone:** +91 22 4094 5500;
**Fax:** +91 22 2285 2892
**Email:** mack.delisting@kjmc.com
**Website:** www.kjmc.com
**Contact Person:** Mr. Kaushal Patwa/ Mr. Ghanshyam Kapadia

**REGISTRAR TO THE DELISTING OFFER**

**Universal Capital Securities Pvt. Ltd.**
(Formerly known as Mondkar Computers Pvt Ltd.)
**SEBI Regn. No.:** INR000004082
21, Shakil Niwas, Opp. Satya Saibaba Temple, Mahakali Caves Road, Andheri (East), Mumbai - 400 093. **Tel. No.:** +91 22 2820 7203;
**Fax No.:** +91 22 2820 7207
**E-mail:** info@unisec.in
**Website:** www.unisec.in
**Contact Person:** Mr. Devanand Dalvi

**For and Behalf of the Acquirer**
**Sd/-**
**[Rita Pavankumar]**

**Place :** Mumbai
**Date :** June 26, 2019



## खेल कार्यक्रम

| | |
|---|---|
| भारत बनाम वेस्ट इंडीज | 27 जून |
| यूएस ओपन (गोल्फ) | 27-30 जून |
| फीबा यूरोबास्केट 2019 | 27 जून |
| आस्ट्रेलियन ग्रांप्री | 30 जून |
| विंबलडन | 1 जुलाई |



## जन्मदिन

| | |
|---|---|
| पीटी ऊषा | 27 जून |
| जसपाल राणा | 28 जून |
| अनिर्बान लाहिड़ी | 29 जून |
| हरभजन सिंह | 3 जुलाई |
| पीवी सिंधू | 5 जुलाई |

### भारतीय लीग का जमा-हासिल

# शोहरत भी, तमाशाई भी और कमाई भी

संदीप भूषण

रिपोर्ट

भारत धीरे-धीरे खेल महाशक्ति बनने की राह पर है। इसमें सबसे अहम भूमिका प्रीमियर लीगों ने निभाई है। बात चाहे पैसे की हो या नए खिलाड़ियों को पहचान दिलाने की, प्रीमियर लीग ने इस क्षेत्र में खूब काम किया है। साल की शुरुआत से अंत तक किसी न किसी वैश्विक प्रीमियर टूर्नामेंट का आयोजन होना खुद में किसी भी देश के लिए गर्व का विषय है। दुनियाभर के खेल प्रेमी अभी क्रिकेट विश्व कप में व्यस्त हैं। लेकिन, जैसे ही यह समाप्त होगा प्रो कबड्डी लीग शुरू हो जाएगी। इसके अंतिम चरण तक पहुंचने से पहले प्रो रेसलिंग और साल के अंत तक प्रो बैडमिंटन लीग। कुल मिलाकर पूरे साल लगभग सभी बड़े खेलों के लिए भारत में प्रीमियर लीग का आयोजन होने लगा है। चार-पांच साल में ही इसके फायदे भी दिखने लगे हैं। एक तरफ जहां खिलाड़ियों को प्रायोजक (स्पॉन्सरशिप) मिलने लगे हैं तो दूसरी तरफ बगैर अंतरराष्ट्रीय पटल पर खेले ही उन्हें पहचान मिलने लगी है।

दरअसल, दुनिया भर के कई देशों में प्रीमियर लीग का आयोजन काफी पहले से होता रहा है। लियोनल मेस्सी और क्रिस्टयानों रोनाल्डो जैसे दिग्गज फुटबॉलरों को खेल प्रेमी उनके देश से ज्यादा क्लबों के साथ प्रीमियर लीग में खेलते हुए देखना चाहते हैं। यही कारण है कि कोपा अमेरिका और इग्लिश प्रीमियर लीग जैसे टूर्नामेंटों को करोड़ों दर्शक आसानी से मिल जाते हैं। भारत में लीग को चलन में लाने का श्रेय इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) को जाता है। उसके बाद बैडमिंटन से लेकर हॉकी तक के लिए लीग की शुरुआत हुई। लेकिन इन सब से अहम उसके फायदे रहे। आइपीएल ने क्रिकेट में नई प्रतिभा को तलाशने का काम किया तो वहीं फुटबॉल के लिए इसका श्रेय इंडियन सुपर लीग और आइ-लीग को जाता है।

**अब खिलाड़ियों के पास पैसे की कमी नहीं :** नए चेहरे को पहचान दिलाने के साथ ही प्रीमियर लीग ने खिलाड़ियों के लिए प्रायोजक भी ढूढ़े। पहले दिग्गज खिलाड़ियों के पास भी किट खरीदने और एक जगह से दूसरे जगह खेलने जाने के लिए पैसे नहीं होते थे। लेकिन, प्रीमियर लीग ने इस समस्या को काफी हद तक समाप्त कर दिया। प्रायोजक मिलने के पिछले दस साल के आंकड़ों पर ध्यान दे तो इसमें लगभग पांच हजार करोड़ की बढ़ोतरी हुई है। लीग और नॉन लीग टूर्नामेंटों को जहां 2008 में 2139 करोड़ रुपए के प्रायोजक मिले वहीं 2018 में यह आंकड़ा 7408 करोड़ रुपए हो गया। इससे पता चलता है कि लीगों ने भारत में खिलाड़ियों को ही नहीं खेल के बाजार को भी बढ़ाया है। इंडिया स्पोर्ट्स स्पॉन्सरशिप रिपोर्ट 2019द्य के मुताबिक भारतीय खेल उद्योग 2017 में जहां 7,300 करोड़ का था वहीं 2018 में यह बढ़कर 7,762 करोड़ रुपए का हो गया।

**लीगों को भी खूब मिल रहे दर्शक :** यह सच है कि कोई भी उत्पाद तब तक सफल नहीं माना जाता जब तक उसे पर्याप्त संख्या में उपभोक्ता नहीं मिलते। प्रीमियर लीग पर भी यह बात बखूबी लागू होती है। लेकिन, यह आंकड़े किसी को भी चौका सकते हैं कि चाहे किसी भी भारतीय लीग की बात हो, उसे दर्शक खूब मिलते हैं।

आइपीएल को सफल बताने के लिए किसी भी तरह का तर्क पेश करना उसके साथ ज्यादती होगी। फिर भी 'बार्क' की रिपोर्ट के मुताबिक 2018 में उसे प्रति सेकंड लगभग चार लाख लोगों ने देखा।

आइएसएल को देखने वालों की संख्या सवा लाख रही। प्रो कबड्डी लीग को लगभग तीन लाख दर्शक मिले। प्रीमियर बैडमिंटन लीग को सवा लाख दर्शकों ने देखा। इससे यह तो साफ हो जाता है कि क्रिकेट के दीवाने भारतीय प्रशंसक कबड्डी और फुटबॉल में भी खासा दिलचस्पी रखते हैं।

**क्रिकेटर तो हिट लेकिन दूसरे भी कम नहीं :** भारत में क्रिकेट को धर्म की उपमा दी जाती है। ऐसे में यह तो माना ही जा सकता है कि क्रिकेटर उन प्रशंसकों के लिए भगवान से कम नहीं। धनवर्षा के मामले में क्रिकेटर तो फोर्ब्स पत्रिका तक में जगह बना चुके हैं। लेकिन, दूसरे एथलीट भी इस मामले में कम नहीं हैं।

फोर्ब्स की हाल में जारी रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया के कुछ सबसे अमीर खिलाड़ियों में एकमात्र भारतीय विराट कोहली हैं। उनकी सालाना प्रायोजक वैल्यू लगभग 200 करोड़ से ऊपर है।

वहीं, महेंद्र सिंह धोनी भी 100 करोड़ रुपए के आंकड़े को पार कर चुके हैं। अन्य खेलों की बात करें तो भारत की दो सुपरस्टार शटलर पीवी सिंधू और साइना नेहवाल की प्रायोजक वैल्यू कम नहीं है। सिंधू अकेले 11 ब्रांड्स के साथ जुड़कर लगभग 35 करोड़ रुपए की कमाई कर रही हैं।





**विराट कोहली**
प्रायोजक वैल्यू
**200 करोड़**
विराट कोहली पहले भारतीय खिलाड़ी हैं जिन्होंने एक कंपनी से 100 करोड़ से ज्यादा वैल्यू की डील की है



**एम एस धोनी**
प्रायोजक वैल्यू
**100 करोड़**
विराट कोहली के बाद महेंद्र सिंह धोनी ऐसे दूसरे भारतीय खिलाड़ी हैं जिन्हें 100 करोड़ से ज्यादा की डील मिली है।




खेल से जुड़े ब्रांडों की डील में साइना नेहवाल और पीवी सिंधू की लगभग 1/6 हिस्सेदारी है।

**प्रायोजक**

| क्रिकेट को मिले 2017 में | क्रिकेट को मिले 2018 में | अन्य खेलों को 2017 में | अन्य खेलों को 2018 में |
|---|---|---|---|
| 323 करोड़ | 392 करोड़ | 73 करोड़ | 89 करोड़ |

## मंजिल अब दूर नहीं



नई दिल्ली में बुधवार को आयोजित एक जागरूकता दौड़ में भाग लेते प्रतिभागी।

# विंबलडन : घसियाली सतह पर फिर छिड़ेगी तजुर्बेकारों में जंग

मनीष कुमार जोशी

आकलन

टेनिस की दुनिया के दूसरे ग्रैंडस्लैम से बिलकुल अलग विंबलडन की अपनी एक अलग पहचान है। यह सबसे पुराने टूर्नामेंटों में से एक है। इस खेल के अन्य ग्रैंडस्लैम कठोर सतह पर खेले जाते हैं चाहे वह आस्ट्रेलिया ओपन हो अमेरिकी ओपन या फ्रेंच ओपन। वहीं विंबलडन ग्रास कोर्ट पर खेला जाता है। इसलिए यहां जो जीतता है वह जीतता ही चला जाता है और जो हारता है उसके हारने का सिलसिला भी जल्द नहीं थमता।

टेनिस ही नहीं दूसरे खेलों के प्रशंसकों को भी विंबलडन का बेसब्री से इंतजार रहता है। भारतीय क्रिकेट सितारे भी इससे अछूते नहीं हैं। बात चाहे सचिन तेंदुलकर की हो, सुनील गावस्कर की या रवि शास्त्री की, सभी को इसका मजा लेते हुए देखा जा सकता है। इसकी प्रतिष्ठा को देखते हुए पुरस्कार राशि में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है।

उम्रदराज होने के बावजूद रोजर फेडरर प्रमुख दावेदार बने हुए हैं। सट्टा बाजार में भी नोवाक जोकोविच के बाद फेडरर पर ही दांव लगाया जा रहा है। जोकोविच को भी कम नहीं आंका जा सकता। वे भी खिताब के प्रबल दावेदारों में हैं। उनके लिए सबसे अहम पक्ष है कि वे पिछले साल के चैंपियन हैं। उन्होंने गत वर्ष फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के केविन एंडरसन को सीधे सेटो में 6-2, 6-2, 7-3 से पराजित किया था। वे चार बार के विंबलडन चैंपियन हैं। उन्होंने 2011, 2014, 2015 और 2018 में इस खिताब को जीता है और इस इस बार भी वे तगड़े दावेदार हैं। राफेल नडाल भी दावेदारों में शामिल हैं। विंबलडन नया चैंपियन बहुत कम बार ही देता है। इस ग्रास कोर्ट पर चैंपियन का दोहराव होता आया है। इसलिए इस बार भी नए विजेता की संभावना कम ही है। फिर भी पैट्रो, एंडरसन और ज्वेरेव जैसे युवा खिलाड़ी भी अपना जलवा दिखा सकते हैं। महिला वर्ग में सेरेना विलियम्स अभी भी पसंदीदा दावेदार बनी हुई हैं। सट्टा बाजार में सबसे ज्यादा दांव विलियम्स पर ही लग रहा है। गत साल वे उपविजेता रही थीं। फाइनल में जर्मनी की युवा खिलाड़ी करबर ने सेरेना को सीधे सेटों में 6-3, 6-3 से पराजित कर दिया था।

विलियम्स सात बार की चैंपियन हैं। 2015 व 2016 में उन्होंने लगातार यह खिताब जीता है। इस बार उनके अलावा पैट्रा केवित्वोवा, मुगुरेजा, केरोलिया प्लीस्कोवा और सिमोना हालेप भी दावेदारों में शामिल हैं। सेरेना ने ताकत की बजाय धैर्य और संयम का खेल दिखाया तो वे एक बार फिर चैंपियन बन सकती हैं। यदि वो युवा करबर जैसी खिलाड़ियों के सामने हथियार न डाल कर दिमाग से खेलेंगी तो एक बार फिर विंबलडन का ताज पहनेंगी।

दुनिया की प्रतिष्ठित टेनिस प्रतियोगिता में सबसे ऊपर स्थान पाने वाली विंबलडन ने इस बार भी पुराने खिलाड़ियों पर ही दांव लगाए हैं। हालांकि यह भी तय है कि युवा खिलाड़ी अपने खेल से चौंकाने की कोशिश में जुटे होंगे। ग्रास कोर्ट पर खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट की एक खासियत और होती है। यहां गेंद रुक कर आती हैं इसलिए यहां तेजी काम नहीं करती। गेंद को देखकर ही शॉट का निर्णय करना पड़ता है। ऐसे में जोश से ज्यादा अनुभव अहम होगा।

# एशियाई क्रिकेट की चौथी ताकत से रहें खबरदार

आत्माराम भाटी

उदय

इंग्लैंड में क्रिकेट जगत की सबसे बड़ी स्पर्धा का 12वां संस्करण 30 मई से खेला जा रहा है। हर साल की तरह इस बार भी कमजोर समझी जाने वाली टीमों ने बड़ी टीमों को हराकर सनसनी फैलाई है। यह कारनामा कोई पिछले दो-तीन विश्व कप से नहीं है, बल्कि दूसरे विश्व कप 1979 से चला आ रहा है। अपने पहले ही विश्व कप में श्रीलंका ने भारत को, केन्या ने वेस्ट इंडीज को, आयरलैंड ने इंग्लैंड को, जिंबाब्वे ने आस्ट्रेलिया को अप्रत्याशित रूप से हराकर चौंकाया था। इसी कड़ी में एक नाम और है बांग्लादेश का।

इस टीम ने भी अपने पहले ही विश्व कप (1999) में उपविजेता रहने वाली टीम पाकिस्तान को लीग चरण में 62 रन हरा कर सनसनी फैला दी। वहीं 2007 में उसने भारत को अपना शिकार बनाया। उसने भारत को पांच विकेट से हराया। इसी तरह 2011 व पिछले विश्व कप 2015 में इंग्लैंड को 15 रनों से पटकनी देकर क्वार्टर फाइनल में कदम रखा था। बांग्लादेश की टीम का यह छठा विश्व कप है। 1999 में ऐसोसिएट देश के रूप में इंग्लैंड में पहली बार आइसीसी ने इस टीम को विश्व कप में जगह दी। तब से लेकर अब तक सेमी फाइनल में तो यह टीम कदम नहीं रख पाई है। हां, अपने कभी-कभार के अप्रत्याशित बेहतरीन खेल से बड़ी टीमों का गणित जरूर बिगाड़ती रही है।

बांग्लादेश के विश्व कप में अब तक के सफर के बारे में बात करें तो 1999, 2003 और 2007 के विश्व कप में लीग चरण से आगे नहीं बढ़ पाई। 2011 में भारत, पाकिस्तान के साथ मेजबानी का लाभ उठाते हुए जरूर अपने घर में इंग्लैंड, आयरलैंड को हराकर क्वार्टर फाइनल की आस बंधाई, लेकिन रन औसत में वेस्ट इंडीज से पिछड़ने के कारण पहली बार क्वार्टर फाइनल खेलने का इसका सपना पूरा नहीं हो पाया।

इस टीम ने 2015 में आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की मेजबानी में हुए 11वें विश्व कप में लीग चरण के छह में से तीन मैचों में अफगानिस्तान, इंग्लैंड और स्कॉटलैंड को हराया। उसने आस्ट्रेलिया के साथ बारिश के कारण रद्द हुए मैच से मिले बराबरी अंक से पहली बार विश्व कप क्वार्टर फाइनल में कदम रखने में कामयाबी हासिल कर ली। लेकिन क्वार्टर फाइनल में बांग्लादेश की इस टीम का विजय रथ भारत ने 109 रन से हराकर रोक दिया।



इस विश्व कप में बांग्लादेश के अब तक खेले गए छह मैचों में तीन मैचों में न्यूजीलैंड से दो विकेट से, इंग्लैंड से 106 रन से और आस्ट्रेलिया से 48 रन से उसे हार का सामना करना पड़ा। लेकिन, अफ्रीका को 21 रन से और वेस्ट इंडीज को सात विकेट से पराजित करने के साथ-साथ जिस तरह से बल्लेबाजी में तीन बार 300 से ज्यादा रनों का आंकड़ा पार किया है, उससे साफ जाहिर है कि बांग्लादेश टीम में अब परिपक्वता आने लग गई है। उसके पास बेहतरीन फॉर्म में चल रहे शाकिब अल हसन हैं जो अब तक दो शतक जड़ने के साथ डेविड वार्नर के बाद सबसे ज्यादा 425 रन बनाए हैं। इसके साथ ही उसके पास महमुदुल्लाह, कप्तान मशरेफी मुर्तजा, और शब्बीर रहमान जैसे ऑलराउंडर हैं जो किसी भी समय मैच का रुख बदल सकते हैं। बल्लेबाजी में भी टीम के पास लिटन दास, तमीम इकबाल, सौम्य सरकार और मुशफिकर रहीम जैसे जोरदार बल्लेबाज हैं।

यदि बांग्लादेशी गेंदबाज अपनी गेंदबाजी में निखार और धार लाकर जल्द से जल्द विकेट निकालने में माहिर हो जाएं तो कोई बड़ी बात नहीं कि यह टीम आने वाले समय में विश्व खिताब की रेस में अपने को भी अन्य बड़ी व अनुभवी टीमों के साथ शामिल करने का दावा कर सकती है। बांग्लादेश इस बार भी लीग चरण के अपने अंतिम तीन मैचों में अफगानिस्तान, भारत व पाकिस्तान को हराने में कामयाब हो जाती है तो 11 अंकों के साथ बेहतर रन औसत के सहारे टीमों का फैसला होने की दशा में उसके सेमी फाइनल खेलने का सपना पूरा हो सकता है।

### केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने कहा

# आयकर विभाग कर्ज चूककर्ताओं के खातों का ब्योरा बैंकों से साझा करे

नई दिल्ली, 26 जून (भाषा)।

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने आयकर विभाग को कर्ज चुकाने में चूक करने वालों यानी डिफाल्टरों की संपत्तियों और खातों का ब्योरा 'जनहित में' बैंकों से साझा करने को कहा है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने इस बारे में सीबीडीटी से आग्रह किया था। इस नीतिगत कदम का मकसद ऐसी इकाइयों के खिलाफ घेरा कसना और उनसे जनता के पैसे की वसूली करना है।

सीबीडीटी के नए आदेश के अनुसार कर विभाग किसी आयकरदाता के आयकर रिटर्न (आईटीआर) से यह ब्योरा निकालेगा। आयकर विभाग के लिए नीतियां बनाने वाले केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने बुधवार को अपने सभी फील्ड कार्यालयों को इस बारे में निर्देश दिया।

सीबीडीटी ने कहा है कि यह आदेश जनहित में जारी किया गया है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की ओर से इस बारे में कई आग्रह मिले थे। बैंकों से ऐसे डिफाल्टरों की अचल संपत्तियों का ब्योरा मांगा है जिससे वह उनसे वसूली कर सकें। बयान में कहा गया है कि सीबीडीटी का मानना है कि कर्ज चूककर्ताओं की संपत्तियों का ब्योरा सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को साझा किया जाना चाहिए ताकि वे उनसे कर्ज की वसूली कर सकें। यह जनहित में होगा।

सीबीडीटी के आदेश में कहा गया है कि संपत्तियों के ब्योरे के अलावा बैंक खातों, डिफॉल्टरों के विविध कर्जदारों का ब्योरा भी साझा किया जाना चाहिए। इससे सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को कर्ज वसूली में मदद मिल सकती है। आदेश में कहा गया है कि कर अधिकारियों द्वारा ऐसी सूचनाओं को साझा किए जाने से पहले ऐसे कर्ज चूककर्ताओं से कर बकाया का भी ध्यान रखा जाना चाहिए। कर्ज चूककर्ता की चल या अचल संपत्ति की बिक्री से प्राप्त अधिशेष राशि के उपयोग से पहले बैंक आयकर अधिकारी से अनापत्ति प्रमाणपत्र लेंगे। हाल के समय में कई बड़े बैंक धोखाधड़ी के मामले में सामने आए हैं। इनमें नीरव मोदी और मेहुल चोकसी द्वारा पंजाब नेशनल बैंक के साथ किया गया 13,000 करोड़ रुपए का घोटाला, स्टर्लिंग बायोटेक का मामला और शराब कारोबारी विजय माल्या का मामला शामिल है।

## यूपी के ऊर्जा मंत्री ने केंद्र से सौभाग्य योजना की अवधि बढ़ाने की मांग की

लखनऊ, 26 जून (भाषा)।

उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा ने बुधवार को केंद्र सरकार से 'सौभाग्य योजना' की मीयाद इस साल दिसंबर तक बढ़ाए जाने की मांग की। शर्मा ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री राजकुमार सिंह को लिखे पत्र में मांग की है कि काफी संख्या में नए बिजली कनेक्शन के आवेदनों के मद्देनजर सौभाग्य योजना की अवधि और इससे संबंधित मूलभूत ढांचे को तैयार करने के लिए परियोजना के क्रियान्वयन की अवधि इस साल दिसंबर तक बढ़ाई जाए।

सौभाग्य योजना की अवधि इस साल 31 मार्च को खत्म हो चुकी है मगर इसका बचा हुआ काम अभी किया जा रहा है। उन्होंने यह भी मांग की है कि कृषि संबंधी कामों के लिए बिजली फीडर को अलग अलग करने से काफी फायदा हो रहा है लिहाजा बाकी सभी फीडरों को अलग करने के लिए ऊर्जा मंत्रालय जल्द मंजूरी दे। शर्मा ने पत्र में कहा कि 'उदय योजना' के तहत ऊर्जा मंत्रालय के साथ किए गए करारनामे की अवधि एक साल के लिए बढ़ाई जानी चाहिए।

उन्होंने पत्र में यह भी कहा कि उत्तर प्रदेश पूरे देश में पहल करके 40 लाख स्मार्ट मीटर मीटर लगाने की परियोजना संचालित कर रहा है। प्रदेश के छूटे हुए शहरों में केंद्र सरकार की नीति के अनुसार स्मार्ट मीटर लगाने के लिए ऊर्जा मंत्रालय से जल्द ही वित्तीय सहायता दी जानी चाहिए। शर्मा ने पत्र में कहा है कि केंद्र सरकार की मदद से सौभाग्य योजना के तहत प्रदेश के सभी मजरों का विद्युतीकरण किया गया है।

# धातु व बिजली कंपनियों में तेजी से सूचकांक 157 अंक मजबूत

मुंबई, 26 जून (भाषा)।

जून के डेरिवेटिव अनुबंधों की अवधि समाप्त होने से पहले धातु, बिजली और वित्तीय कंपनियों के शेयरों में लिवाली के समर्थन से बुधवार को बंबई शेयर बाजार का सूचकांक 157 अंक मजबूत होकर बंद हुआ। बीएसई-30 सूचकांक में लगातार दूसरे दिन तेजी दर्ज की गई। सूचकांक 157.14 अंक यानी 0.40 फीसद की बढ़त के साथ 39,592.08 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान इसमें 39,674.22 अंक के उच्चतम स्तर तथा 39,319.64 अंक के न्यूनतम स्तर के बीच उथल-पुथल रही। एनएसई का निफ्टी भी 51.10 अंक यानी 0.43 फीसद की बढ़त के साथ 11,847.55 अंक पर बंद हुआ।

कारोबारियों ने कहा कि जून के वायदा और विकल्पों के अनुबंध की समयसीमा गुरुवार को समाप्त होने वाली है। इससे पहले धातु, बिजली, हेल्थकेयर, पूंजीगत वस्तुओं और वित्त समूह की कंपनियों में खरीदारी देखने को मिली। अमेरिका के इस बयान से बाजार में मजबूती को बल मिला कि चीन के साथ व्यापार समझौता करीब करीब 90 फीसद तय हो चुका है।

इसके अलावा, घरेलू निवेशकों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पियो के बीच बैठक से व्यापार के मोर्चे पर सकारात्मक नतीजों की भी उम्मीद है। विशेषज्ञों के मुताबिक, देश में मानसून की अच्छी प्रगति और रुपए की तेजी से भी घरेलू शेयर बाजार का विश्वास बढ़ा हुआ था। सूचकांक की कंपनियों में वेदांता सर्वाधिक 4.40 फीसद मजबूत हुआ। पावरग्रिड, सन फार्मा, येस बैंक, टाटा स्टील, एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस, आईसीआईसीआई बैंक और बजाज ऑटो के शेयर में 4.12 फीसद तक मजबूती दर्ज की गई।

इंफोसिस, इंडसइंड बैंक, टेक महिंद्रा, भारती एयरटेल, मारुति सुजुकी, टीसीएस और एचडीएफसी के शेयर 1.12 फीसद तक नुकसान में रहे। जियोजीत फाइनेंशियल सिवसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा- कारोबारी परिदृश्य में सुधार और पिछले साल के निचले आधार को देखते हुए इस वित्त वर्ष की पहली तिमाही में परिणाम बेहतर रहने के अनुमान से दवा और बैंकिंग कंपनियों के शेयरों में तेजी रही जिसने घरेलू बाजार को बल प्रदान किया।

नायर के अनुसार चीन-अमेरिका व्यापारिक तनाव कम होने की संभावना से धातु कंपनियों के शेयर तेजी में रहे। उन्होंने कहा- वित्त वर्ष 2019-20 की पहली तिमाही के वित्तीय परिणाम और बजट को लेकर उम्मीदों से आने वाले समय में बाजार की दिशा निर्धारित होगी। बीएसई के समूहों में धातु, बिजली, यूटिलिटीज, बेसिक मटीरियल्स, रियल्टी, हेल्थकेयर, बैंकिंग और वित्त में 2.88 फीसद तक की तेजी देखने को मिली। हालांकि सूचना प्रौद्योगिकी, प्रौद्योगिकी, दूरसंचार और एफएमसीजी कंपनियों में 0.65 फीसद तक की गिरावट देखने को मिली।

# इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए उचित योजना बने : चंद्रशेखरन

नई दिल्ली, 26 जून (भाषा)।

टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने कहा है कि बिजली चालित या इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की ओर स्थानांतरण की एक व्यवस्थित योजना बनाई जानी चाहिए, जिसमें कई वर्षों की रूपरेखा के जरिए समूची व्यवस्था को इसके लिए तैयार किया जा सके। उद्योग के अन्य लोगों ने भी इसी तरह की राय व्यक्त की है।

चंद्रशेखरन का बुधवार को यह बयान ऐसे समय आया है जबकि दोपहिया कंपनियों- हीरो मोटोकॉर्प, बजाज आटो, टीवीएस मोटर कंपनी और होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) नीति आयोग के सौ फीसद इलेक्ट्रिक वाहनों की योजना का विरोध किया है। नीति आयोग की योजना 2025 तक 150 सीसी तक के इंटरनल कम्बशन इंजन (आइसीई) से चलने वाले दोपहिया पर पूर्ण प्रतिबंध की है। उन्होंने बयान में कहा कि दीर्घकालिक परिवहन के लिए ईवी की ओर स्थानांतरण महत्वपूर्ण है। लेकिन इसके लिए योजना बनाई जानी चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि पूरा पारिस्थितिकी तंत्र इसके लिए तैयार है।

चंद्रशेखरन ने कहा- सरकार और उद्योग को इसके लिए कई साल की रूपरेखा तय करनी चाहिए। इसमें लक्ष्य तय किए जाने चाहिए जिसमें सभी खिलाड़ी साझा उद्देश्यों को समझ सकें, क्षमता और ढांचा तैयार कर सकें। टाटा समूह की टाटा मोटर्स देश में बिजलीचालित वाहन क्षेत्र में अग्रणी कंपनी है। टाटा मोटर्स को एक अन्य घरेलू कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा के साथ सार्वजनिक क्षेत्र की ईईएसएल से इलेक्ट्रिक कारों की आपूर्ति का आर्डर मिला है। इन कारों का इस्तेमाल विभिन्न मंत्रालयों द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उचित प्रोत्साहनों के जरिये इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए मांग बनाई जानी चाहिए। चंद्रशेखरन ने कहा कि ऐसे में सरकार और उद्योग को मिलकर काम करने की जरूरत है।

## कोलकाता के आइटी कर्मचारी बनाएंगे ट्रेड यूनियन

कोलकाता, 26 जून (भाषा)।

कोलकाता महानगर में सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों में काम करने वाले कर्मचारियों ने उद्योग में कथित अनुचित श्रम गतिविधियों का विरोध करने को लेकर श्रमिक संगठन बनाने के लिए कदम उठाया है। आइटी पेशेवरों ने 'कोलकाता फोरम फार आइटी इम्प्लायज' (एफआइटीई) नाम से संगठन बनाया है और पश्चिम बंगाल में काम कर रहे आइटी, आइटी संबद्ध सेवाओं, बीपीओ और केपीओ उद्योग की यूनियन के रूप में पंजीकरण के लिए आवेदन किया है।

एफआइटीई के प्रवक्ता ने कहा- कर्मचारियों से जुड़ी अनुचित गतिविधियों के बढ़ते मामलों को देखते हुए यह मंच बनाने का निर्णय किया गया। आईटी क्षेत्र के कर्मचारी अकेले ऐसी गतिविधियों का विरोध नहीं कर सकते। प्रवक्ता ने उदाहरण देते हुए कहा कि बाजार में नरमी आती है, उसका असर आइटी क्षेत्र पर पड़ता है और हजारों कर्मचारियों को नौकरी गंवानी पड़ती है। इसके अलावा जबरिया इस्तीफा और अवैध तरीके से नौकरी से निकाला जाता है।

# सोना 300 रुपए टूटा

नई दिल्ली, 26 जून (भाषा)।

कमजोर वैश्विक रुख व जौहरियों की मांग में कमी से सोने का भाव बुधवार को 300 रुपए टूटकर 34,170 रुपए प्रति दस ग्राम पर आ गया।

औद्योगिक इकाइयों व सिक्का निर्माताओं का उठाव घटने से चांदी 500 रुपए की गिरावट के साथ 38,700 रुपए किलो पर आ गई।

कारोबारियों ने कहा कि स्थानीय आभूषण विक्रेताओं की मांग में कमी और कमजोर वैश्विक संकेतों से सोने के भाव में नरमी रही।

वैश्विक स्तर पर न्यूयार्क में सोना गिरकर 1,408.57 डॉलर प्रति औंस पर आ गया जबकि चांदी 15.22 डॉलर प्रति औंस पर रही।

## भुगतान से जुड़े आंकड़े केवल भारत में ही रखे जाएं : आरबीआइ

मुंबई, 26 जून (भाषा)।

रिजर्व बैंक ने बुधवार को कहा कि देश के भुगतान से संबंधित सभी आंकड़े केवल भारत में ही रखना होगा और भुगतान की प्रक्रिया में विदेशों में सृजित होने वाले भारतीयों के भुगतान से संबंधित डेटा को भी 24 घंटे के भीतर भारत वापस लाना होगा। केंद्रीय बैंक ने भुगतान प्रणाली परिचालकों (पीएसओ) की तरफ से क्रियान्वयन से जुड़े मुद्दों पर बार-बार उठने सवालों के संदर्भ में तय स्पष्टीकरण में कहा है, 'धन के भुगतान का पूरा आंकड़ा केवल भारत में रखा जाएगा।' आरबीआइ ने 'भुगतान प्रणाली डेटा रखे जाने' को लेकर अप्रैल 2018 में निर्देश जारी किया था।

## अमिताभ कांत को नीति आयोग में दो साल का सेवा विस्तार मिला

नई दिल्ली, 26 जून (भाषा)।

सरकार ने अमिताभ कांत को नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के रूप में दो वर्ष का सेवा विस्तार दिए जाने की बुधवार को घोषणा की। कार्मिक मामलों के मंत्रालय ने एक आदेश में कहा है कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने 30 जून, 2019 के बाद दो साल की अवधि (30 जून, 2021 तक) के लिए कांत के कार्यकाल के विस्तार को अपनी मंजूरी दे दी।

वह भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1980 बैच के केरल कैडर के अधिकारी हैं। नीति आयोग के सीईओ बनाए जाने से पहले तक कांत औद्योगिक नीति और संवर्धन विभाग में सचिव थे।

# विशेष आर्थिक जोन संशोधन विधेयक 2019 मंजूर

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 26 जून।

लोकसभा ने बुधवार को विशेष आर्थिक जोन संशोधन विधेयक (सेज) 2019 को मंजूरी दे दी जिसमें न्यासों को विशेष आर्थिक क्षेत्र में इकाई स्थापित करने की अनुमति देने का प्रस्ताव किया गया है। सत्रहवीं लोकसभा में पारित किया गया यह पहला विधेयक है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने हाल ही में इसकी मंजूरी दी थी। लोकसभा में पारित विधेयक कानून बनने के बाद इससे संबंधित अध्यादेश की जगह लेगा। यह अध्यादेश पिछली सरकार में लागू किया गया था। इस विधेयक के माध्यम से विशेष आर्थिक जोन अधिनियम 2005 का संशोधन करने का प्रस्ताव है। लोकसभा में विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय निवेशकों का भारत में निवेश को लेकर विश्वास मजबूत बनाने की जरूरत थी, ऐसे में पिछली सरकार में हमने कई कार्यो और पहल को आगे बढ़ाया था, लेकिन कई बार सदन में शोरशराबे के कारण व्यवधान आए और कई बार विधेयक लोकसभा में पास होने के बावजूद राज्यसभा में मंजूर नहीं हो सका।

अध्यादेश लाने के औचित्य को सही ठहराते हुए उन्होंने कहा कि इन्हीं स्थितियों में अध्यादेश लाने की जरूरत पड़ी। विशेष आर्थिक क्षेत्र (सेज) के संबंध में भी अध्यादेश लाया गया। क्योंकि हम चाहते हैं कि दुनिया भारत में निवेश करे। गोयल ने कहा कि अध्यादेश लागू होने के बाद इस संबंध में अब तक छह आवेदन मिले हैं। इसमें एक को मंजूरी दी गई है और पांच आवेदन मंजूरी की प्रक्रिया में हैं। उन्होंने कहा कि सेज के संबंध में बाबा कल्याण समिति की कई सिफारिशों को लागू किया गया है और कुछ सिफारिशों को लागू करने की दिशा में बढ़ रहे हैं। मंत्री के जवाब के बाद सदन ने ध्वनिमत से विधेयक को मंजूरी दे दी।

गोयल ने कहा कि विशेष आर्थिक जोन के संदर्भ में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में काफी ठोस प्रयास किए गए। मंत्री ने कहा कि देश में अंतरराष्ट्रीय वित्तीय केंद्रों की स्थापना के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। यह विधेयक इसी साल दो मार्च को जारी अध्यादेश के स्थान पर लाया गया है। इससे पहले विधेयक पर चर्चा में भाग लेते हुए आरएसपी के एनके प्रेमचंद्रन ने अध्यादेश लाने का विरोध किया और सवाल किया कि आखिर क्या आपात स्थिति पैदा हो गई थी जिस वजह से सरकार को यह अध्यादेश चुनाव आचार संहिता लागू होने से कुछ दिनों पहले लाना पड़ा।

भाजपा के राजीव प्रताप रूडी ने कहा कि सरकार यह कदम भी देशहित में उठाने जा रही है और ऐसे में सभी को इसका समर्थन करना चाहिए। कांग्रेस के शशि थरूर ने कहा कि सरकार को बताना चाहिए कि इस संबंध में अध्यादेश लाने की कौन सी आपात स्थिति थी। तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंदोपाध्याय ने विधेयक का और एसईजेड परियोजना के विस्तार का विरोध करते हुए कहा कि जबरन भूमि अधिग्रहण के भी हम खिलाफ हैं। उन्होंने चीन की तरह ही भारत में भी गैर कृषि भूमि पर इस तरह की परियोजनाएं लगाए जाने की मांग की। द्रमुक के डीएनवी सेंथिल कुमार ने भी इस संबंध में अध्यादेश लाए जाने को गैर-जरूरी बताया।

**उत्तरी दिल्ली नगर निगम**

कार्यालय कार्यपालक अभियंता (परियोजना) नरेला
जोनल कार्यालय बिल्डिंग, नरेला, दिल्ली–110040

सं.: एन.आई.टी. नं. ईई(परि.)/नरेला/टीसी/2019–20/01 दिनांक: 25.06.2019

**निविदा आमंत्रण सूचना**

| | |
|---|---|
| निविदा दस्तावेज खरीदने/ डाउनलोड करने की प्रारंभ तिथि | : 27.06.2019 को सायं 5.00 बजे |
| निविदा दस्तावेज ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि | : 10.07.2019 को अप. 2.00 बजे तक |
| वित्तीय निविदा खुलना | : 12.07.2019 को अप. 12.15 बजे |

आयुक्त, उत्तरी दिल्ली नगर निगम की ओर से कार्यपालक अभियंता (परियोजना) नरेला द्वारा अनुमोदित एवं योग्य ठेकेदारों से मुहरबंद प्रतिशत/मद दर निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। दरों की वैधता 5 माह है।

**क्र. सं.: 1, कार्य का नाम:** नरेला जोन में वार्ड नं. 35एन में ओ ब्लॉक सौदा जेजे कॉलोनी में आरएमसी के प्रावधान द्वारा मार्गो का सुधार एवं विकास। लेखाशीर्ष **XL-VIII-S, अनुमानित राशि (रू.)**. : 98,16,300/-, **निविदा राशि (रू.)**. : 90,78,267/-, **धरोहर राशि (रू.)**. : 181600/-, **निविदा का मूल्य (रू.)**. : 1000/-, **समापन अवधि** : 4 महिने,

**क्र. सं.: 2, कार्य का नाम:** नरेला जोन में वार्ड नं. 32एन में पॉकेट–5 सैक्टर–24 में आरएमसी के प्रावधान द्वारा मार्गो का सुधार एवं विकास। लेखाशीर्ष **XL-VIII-S, अनुमानित राशि (रू.)**. : 97,50,900/-, **निविदा राशि (रू.)**. : 90,17,771/-, **धरोहर राशि (रू.)**. : 180400/-, **निविदा का मूल्य (रू.)**. : 1000/-, **समापन अवधि** : 4 महिने,

**क्र. सं.: 3, कार्य का नाम:** नरेला जोन में वार्ड नं. 32एन में पॉकेट–6 सैक्टर–25 में आरएमसी के प्रावधान द्वारा मार्गो का सुधार एवं विकास। लेखाशीर्ष **XL-VIII-S, अनुमानित राशि (रू.)**. : 98,66,500/-, **निविदा राशि (रू.)**. : 91,24,670/-, **धरोहर राशि (रू.)**. : 182500/-, **निविदा का मूल्य (रू.)**. : 1000/-, **समापन अवधि** : 4 महिने,

**क्र. सं.: 4, कार्य का नाम:** नरेला जोन में वार्ड नं. 32एन में पॉकेट–2 सैक्टर–25 में आरएमसी के प्रावधान द्वारा मार्गो का सुधार एवं विकास। लेखाशीर्ष **XL-VIII-S, अनुमानित राशि (रू.)**. : 98,65,400/-, **निविदा राशि (रू.)**. : 91,23,659/-, **धरोहर राशि (रू.)**. : 182500/-, **निविदा का मूल्य (रू.)**. : 1000/-, **समापन अवधि** : 4 महिने,

**क्र. सं.: 5, कार्य का नाम:** नरेला जोन में वार्ड नं. 32एन में पॉकेट–3 सैक्टर–25 में आरएमसी के प्रावधान द्वारा मार्गो का सुधार एवं विकास। लेखाशीर्ष **XL-VIII-S, अनुमानित राशि (रू.)**. : 99,74,300/-, **निविदा राशि (रू.)**. : 92,24,380/-, **धरोहर राशि (रू.)**. : 184500/-, **निविदा का मूल्य (रू.)**. : 1000/-, **समापन अवधि** : 4 महिने,

**क्र. सं.: 6, कार्य का नाम:** नरेला जोन में वार्ड नं. 32एन में पॉकेट–5 सैक्टर–25 में आरएमसी के प्रावधान द्वारा मार्गो का सुधार एवं विकास। लेखाशीर्ष **XL-VIII-S, अनुमानित राशि (रू.)**. : 97,44,600/-, **निविदा राशि (रू.)**. : 90,11,984/-, **धरोहर राशि (रू.)**. : 180200/-, **निविदा का मूल्य (रू.)**. : 1000/-, **समापन अवधि** : 4 महिने,

**क्र. सं.: 7, कार्य का नाम:** नरेला जोन में वार्ड नं. 35एन में एफ ब्लॉक सौदा जेजे कॉलोनी में आरएमसी के प्रावधान द्वारा मार्गो का सुधार एवं विकास। लेखाशीर्ष **XL-VIII-S, अनुमानित राशि (रू.)**. : 99,93,200/-, **निविदा राशि (रू.)**. : 92,41,932/-, **धरोहर राशि (रू.)**. : 184800/-, **निविदा का मूल्य (रू.)**. : 1000/-, **समापन अवधि** : 4 महिने,

**क्र. सं.: 8, कार्य का नाम:** नरेला जोन में वार्ड नं. 35एन में आर ब्लॉक सौदा जेजे कॉलोनी में आरएमसी के प्रावधान द्वारा मार्गो का सुधार एवं विकास। लेखाशीर्ष **XL-VIII-S, अनुमानित राशि (रू.)**. : 96,48,800/-, **निविदा राशि (रू.)**. : 89,23,379/-, **धरोहर राशि (रू.)**. : 178500/-, **निविदा का मूल्य (रू.)**. : 1000/-, **समापन अवधि** : 4 महिने,

**क्र. सं.: 9, कार्य का नाम:** नरेला जोन में वार्ड नं. 35एन में ए एवं सी ब्लॉक सौदा जेजे कॉलोनी में आरएमसी के प्रावधान द्वारा मार्गो का सुधार एवं विकास। लेखाशीर्ष **XL-VIII-S, अनुमानित राशि (रू.)**. : 94,15,200/-, **निविदा राशि (रू.)**. : 87,07,314/-, **धरोहर राशि (रू.)**. : 174100/-, **निविदा का मूल्य (रू.)**. : 1000/-, **समापन अवधि** : 4 महिने,

**क्र. सं.: 10, कार्य का नाम:** नरेला जोन में वार्ड नं. 35एन में एस ब्लॉक सौदा जेजे कॉलोनी में आरएमसी के प्रावधान द्वारा मार्गो का सुधार एवं विकास। लेखाशीर्ष **XL-VIII-S, अनुमानित राशि (रू.)**. : 99,62,000/-, **निविदा राशि (रू.)**. : 92,13,023/-, **धरोहर राशि (रू.)**. : 184300/-, **निविदा का मूल्य (रू.)**. : 1000/-, **समापन अवधि** : 4 महिने,

**क्र. सं.: 11, कार्य का नाम:** नरेला जोन में वार्ड नं. 29एन में बजितपुर गांव में एम सी प्राइमरी स्कूल के साथ मांगे राम के मकान से सतीश के मकान तक आरएमसी के प्रावधान द्वारा सड़क का निर्माण। लेखाशीर्ष **XL-VIII-S, अनुमानित राशि (रू.)**. : 98,74,300/-, **निविदा राशि (रू.)**. : 91,31,897/-, **धरोहर राशि (रू.)**. : 182600/-, **निविदा का मूल्य (रू.)**. : 1000/-, **समापन अवधि** : 4 महिने,

**क्र. सं.: 12, कार्य का नाम:** नरेला जोन में मकान नं. 2875 से 1584 एवं 1569 से 2861 ब्लॉक–ए, फेज–2, मेट्रो विहार होलाम्बी वार्ड नं. 4एन तक आरएमसी के प्रावधान द्वारा मार्गो का सुधार एवं विकास। लेखाशीर्ष **XL-VIII-S, अनुमानित राशि (रू.)**. : 96,99,000/-, **निविदा राशि (रू.)**. : 89,69,811/-, **धरोहर राशि (रू.)**. : 179400/-, **निविदा का मूल्य (रू.)**. : 1000/-, **समापन अवधि** : 4 महिने,

**क्र. सं.: 13, कार्य का नाम:** नरेला जोन में मकान नं. 1 से 1568 एवं 1549 से 17 ब्लॉक–ए, फेज–2, मेट्रो विहार होलाम्बी वार्ड नं. 4एन तक आरएमसी के प्रावधान द्वारा सड़क का सुधार/सुदृढ़ीकरण। लेखाशीर्ष **XL-VIII-S, अनुमानित राशि (रू.)**. : 99,96,300/-, **निविदा राशि (रू.)**. : 92,44,771/-, **धरोहर राशि (रू.)**. : 184900/-, **निविदा का मूल्य (रू.)**. : 1000/- **समापन अवधि** : 4 महिने,

**क्र. सं.: 14, कार्य का नाम:** नरेला जोन में मकान नं. 3053 से 1738 एवं 1755 से 3034 ब्लॉक–ए, फेज–2, मेट्रो विहार होलाम्बी वार्ड नं. 4एन तक आरएमसी के प्रावधान द्वारा मार्गो का सुधार एवं विकास। लेखाशीर्ष **XL-VIII-S, अनुमानित राशि (रू.)**. : 99,89,200/-, **निविदा राशि (रू.)**. : 92,38,201/-, **धरोहर राशि (रू.)**. : 184800/-, **निविदा का मूल्य (रू.)**. : 1000/-, **समापन अवधि** : 4 महिने,

**क्र. सं.: 15, कार्य का नाम:** नरेला जोन में मकान नं. 1464 से 1434 एवं 2201 से 2265 ब्लॉक–बी, फेज–2, मेट्रो विहार होलाम्बी वार्ड नं. 4एन तक आरएमसी के प्रावधान द्वारा मार्गो का सुधार एवं विकास। लेखाशीर्ष **XL-VIII-S, अनुमानित राशि (रू.)**. : 99,20,500/-, **निविदा राशि (रू.)**. : 91,74,664/-, **धरोहर राशि (रू.)**. : 183500/-, **निविदा का मूल्य (रू.)**. : 1000/-, **समापन अवधि** : 4 महिने,

**क्र. सं.: 16, कार्य का नाम:** नरेला जोन में मकान नं. 2791 से 2826 एवं 2486 से 2284 ब्लॉक–सी, फेज–2, मेट्रो विहार होलाम्बी वार्ड नं. 4एन तक आरएमसी के प्रावधान द्वारा मार्गो का सुधार एवं विकास। लेखाशीर्ष **XL-VIII-S, अनुमानित राशि (रू.)**. : 98,55,200/-, **निविदा राशि (रू.)**. : 91,14,230/-, **धरोहर राशि (रू.)**. : 182300/-, **निविदा का मूल्य (रू.)**. : 1000/-, **समापन अवधि** : 4 महिने,

**क्र. सं.: 17, कार्य का नाम:** नरेला जोन में मकान नं. 3006 से 2971, 3216 से 3233, 715 से 698 एवं 618 से 723 ब्लॉक–सी, फेज–2, मेट्रो विहार होलाम्बी वार्ड नं. 4एन तक आरएमसी के प्रावधान द्वारा मार्गो का सुधार एवं विकास। लेखाशीर्ष **XL-VIII-S, अनुमानित राशि (रू.)**. : 99,49,200/- **निविदा राशि (रू.)**. : 92,01,170/-, **धरोहर राशि (रू.)**. : 184000/-, **निविदा का मूल्य (रू.)**. : 1000/-, **समापन अवधि** : 4 महिने,

विस्तृत नियम व शर्ते वेबसाइट **http://www.tenderwizard.com.** पर देखी जा सकती हैं। एम.सी.डी. के अनुमोदि/योग्य ठेकेदारों के लिए निविदा हेतु निविदा दस्तावेज वेबसाइट **http://www.tenderwizard.com** पर उपलब्ध हैं।

आर.ओ. नं. 30/डीपीआई/उत्तरी/2019-20 कार्यपालक अभियंता (परियोजना) नरेला

# स्वामी सत्यमित्रानंद ने निस्वार्थ भाव से समाज सेवा की : राजनाथ सिंह

जनसत्ता संवाददाता
देहरादून 26 जून।

स्वामी सत्यमित्रानंद को बुधवार देर शाम दशनामी संन्यास परंपरा के अनुसार भारत जन सेवा ट्रस्ट स्थित राघव कुटीर में विधिविधान से मंत्रोच्चार के साथ भू-समाधि दी गई। इस अवसर पर बड़ी तादाद में देश-विदेश से आए उनके भक्त मौजूद थे। राज्य सरकार की ओर से स्वामी सत्यमित्रानंद गिरी के अंतिम संस्कार में राजकीय सम्मान गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उत्तराखंड पुलिस ने उनके अंतिम संस्कार के वक्त हथियार उल्टे कर मातमी धुन बजाई।

उनके भू-समाधि समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत, उत्तराखंड की राज्यपाल बेबी रानी मौर्य, केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, योगगुरु स्वामी रामदेव, आचार्य बालकृष्ण, केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, डॉ रमेश पोखरियाल निशंक समेत कई राजनीतिक हस्तियां और साधु-संत उनको श्रद्धांजलि देने हरिद्वार पंहुचे। समाधि स्थल पर हेलिकॉप्टर से फूलों की वर्षा भी की गई।

शोक सभा में देश के राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह की ओर से भेजे गए पुष्पचक्र स्वामी सत्यमित्रानंद के पार्थिव देह पर अर्पित किए गए। श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने स्वामी जी के निधन को अपूरणीय क्षति बताया। उन्होंने कहा कि स्वामी जी निस्वार्थ भाव से समाज की सेवा किया करते थे। सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार के साथ ही सामाजिक क्षेत्रों में उनके किए कार्य हमेशा याद किए जाएंगे। उन्होंने वनवासी और दलितों को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए अहम कार्य किए।

## बिहार में बिजली गिरने से दस लोगों की मौत

पटना, 26 जून (भाषा)।

बिहार में बुधवार को बारिश के दौरान बिजली गिरने से दस लोगों की मौत हो गई। आपदा प्रबंधन विभाग के विशेष कार्य अधिकारी अविनाश कुमार ने बताया कि प्रदेश में बिजली गिरने से पूर्णिया और बेगूसराय जिलों में तीन-तीन, जमुई में दो और गया व शिवहर जिलों में एक-एक व्यक्ति की मौत हो गई है।

मौसम विभाग के मुताबिक बिहार के रोसडा में 3 सेंमी, गलगलिया, तैयबपुर और कमतौल में पिछले 24 घंटे के दौरान 2-2 सेंमी, जाले, पूर्णिया, ठाकुरगंज, सिमरी बख्तियारपुर, महेशी, बेलसंड और मधेपुरा में एक-एक सेंमी बारिश हुई है।

मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के पूर्वानुमान में पटना, गया, भागलपुर और पूर्णिया जिले में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे और वर्षा अथवा गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जताई है।

# शाह ने अमरनाथ यात्रा के दौरान सुरक्षा को लेकर अधिकारियों को चेताया

श्रीनगर, 26 जून (भाषा)।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को आगामी अमरनाथ यात्रा के लिए सुरक्षा इंतजाम को लेकर किसी भी तरह के संतुष्टि के भाव के खिलाफ अधिकारियों को चेताया और तीर्थयात्रियों के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसपीओ) को कड़ाई से लागू करने का निर्देश दिया।

शाह की अगुवाई में हुई समीक्षा बैठक के बाद पत्रकारों को जानकारी देते हुए आंतरिक सुरक्षा के विशेष सचिव एपी माहेश्वरी ने कहा कि मंत्री ने निर्देश दिया कि पूरी यात्रा के दौरान सुरक्षा बलों या ड्यूटी स्टाफ द्वारा कभी भी संतुष्टि का भाव नहीं आना चाहिए। उन्होंने बताया, 'कोई ढिलाई नहीं होनी चाहिए। एसपीओ का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। वरिष्ठ अधिकारियों को व्यक्तिगत तौर पर इंतजामों की निगरानी करनी चाहिए।' माहेश्वरी ने कहा, 'उन्होंने (शाह ने) हिंसा मुक्त यात्रा सुनिश्चित करने के लिए सभी सुरक्षा एजंसियों को पूरी तरह से सतर्क रहने और सभी एहतियाती कदम उठाने के निर्देश दिए।' उन्होंने बताया कि मंत्री ने काफिलों की आवाजाही के लिए मानक संचालन प्रक्रिया की अहमियत पर बल दिया और खासकर काफिलों को वक्त पर रवाना करने पर जोर दिया।

# जिलाधिकारी के अदालत कक्ष में मना नेताजी का जन्मदिन, अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज

इंदौर, 26 जून (भाषा)।

जिलाधिकारी के अदालत कक्ष में केक काटकर एक स्थानीय कांग्रेस नेता का जन्मदिन मनाने के मामले में पुलिस ने बुधवार को अज्ञात लोगों पर आपराधिक मामला दर्ज किया। इस वाकये की तस्वीरें सोशल मीडिया पर पहले ही वायरल हो चुकी हैं।

रावजी बाजार पुलिस थाने के एक उप निरीक्षक ने बताया कि जिलाधिकारी लोकेश जाटव के रीडर की शिकायत पर भारतीय दंड विधान की धारा 186 (लोक सेवक के लोक कर्तव्यों के निर्वहन में बाधा डालना) और धारा 448 (किसी स्थान पर अनधिकृत प्रवेश) के तहत अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा, 'हम मामले की जांच के दौरान आरोपियों की पहचान कर उचित कानूनी कदम उठाएंगे।' चश्मदीदों ने बताया कि जिलाधिकारी के अदालत कक्ष में मंगलवार को स्थानीय कांग्रेस नेताओं ने दल की शहर इकाई के महामंत्री शेख अलीम का जन्मदिन मनाया। इस दौरान केक काटा गया और अलीम को माला पहनाकर मुबारकबाद दी गई।

जब जिन्मदिन का जश्न मनाया जा रहा था, तब इसके ठीक पास स्थित सभाकक्ष में जिला योजना समिति की बैठक चल रही थी। इसमें प्रदेश की कांग्रेस सरकार के गृह मंत्री बाला बच्चन समेत तीन मंत्री, स्थानीय जन प्रतिनिधि और आला सरकारी अफसर मौजूद थे। इस बीच, जिलाधिकारी लोकेश जाटव ने बताया, 'मुझे वॉट्सऐप पर कुछ लोगों ने वीडियो और तस्वीरें भेजकर सूचना दी कि मेरे अदालत कक्ष में केक काटकर एक व्यक्ति का जन्मदिन मनाया गया है।

# सेवानिवृत्त अधिकारी के ठिकानों पर छापे

जबलपुर, 26 जून (भाषा)।

मध्य प्रदेश के आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) ने मंगलवार को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सेवानिवृत्त अनुविभागीय अधिकारी (एसडीओ) सुरेश उपाध्याय के चार ठिकानों पर छापेमारी कर उनके और उनके परिवार के नाम पर कथित रूप से करोड़ों रुपयों की चल-अचल संपत्ति के दस्तावेज बरामद किए हैं। संपत्ति आय के ज्ञात स्रोतों से बहुत ज्यादा है।

जबलपुर प्रकोष्ठ के पुलिस उपाधीक्षक राजवर्द्धन माहेश्वरी ने बुधवार को बताया कि मंगलवार को सुरेश उपाध्याय के जबलपुर स्थित चार ठिकानों पर छापा मारा गया, जिसमें उनके, उनकी पत्नी अनुराधा एवं उनके बेटे सचिन के नाम पर जिले में 70 एकड़ जमीन के कागजात मिले हैं, जिनमें प्रमुख स्थानों में आवासीय प्लाट भी शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि इस 70 एकड़ जमीन का बाजार मूल्य कई करोड़ रुपए है। उन्होंने कहा, 'इसके अलावा, हमें उपाध्याय के घर से ढाई लाख रुपए नकद, करीब दो किलोग्राम सोना एवं पांच किलोग्राम चांदी भी मिली है, जिन्हें हमने जब्त कर लिया है।'

माहेश्वरी ने बताया कि उनकी दो कंपनियां भी हैं, जिसमें से एक रियल इस्टेट की है। उसके पास दो एसयूवी भी हैं। उन्होंने कहा, 'छापे के दौरान हमें बड़ी संख्या में आपत्तिजनक दस्तावेज मिले हैं। हम उनकी जांच कर रहे हैं।' माहेश्वरी ने बताया, 'यह संपत्ति उनकी आय के ज्ञात स्रोतों से बहुत अधिक है और इसका मूल्यांकन करने में समय लग सकता है।' उन्होंने कहा कि ईओडब्ल्यू ने सुरेश उपाध्याय और उनके परिवार के सदस्यों के नाम पर संचालित बैंक खातों को सीज करने के लिए संबंधित शाखा प्रबंधकों को पत्र भेजा है। इनके खातों में जमा रकम के बारे में भी जानकारी मांगी है।

उन्होंने कहा, 'हमने उपाध्याय, उसकी पत्नी एवं बेटे के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।' माहेश्वरी ने बताया कि सुरेश उपाध्याय वर्ष 2014 में सेवानिवृत्त हुए थे। वर्ष 1978 से वर्ष 2014 तक उनकी कुल आय 53.26 लाख रुपए थी जिसमें से 33 फीसद व्यय संभावित है। आयकर रिटर्न के अनुसार उनकी पत्नी की आय 1.14 लाख रुपए तथा बेटे की आय पांच लाख रुपए है।



दिलचस्प आंकड़े

| | | |
|---|---|---|
| रन | 14652 | सबसे ज्यादा रन डेविड वार्नर |
| विकेट | 437 | |
| छक्के | 259 | उच्चतम स्कोर डेविड वार्नर |
| अर्धशतक | 79 | |

### कैरेबियाई टीम से आज भिड़ेगी कोहली सेना, धोनी की बल्लेबाजी पर होंगी निगाहें

# विंडीज की परीक्षा लेंगे भारतीय गेंदबाज!

मैनचेस्टर, 26 जून (भाषा)।

भारत विश्व कप के अपने छठे लीग मैच में गुरुवार को सेमी फाइनल की दौड़ से बाहर हो चुकी वेस्ट इंडीज की टीम से भिड़ेगा। इस मुकाबले में टीम प्रबंधन की मुख्य चिंता महेंद्र सिंह धोनी की बल्लेबाजी और उनका बल्लेबाजी क्रम होगी। लीग चरण अपने अंत की ओर बढ़ रहा है और ऐसे में भारत एक और जीत के साथ सेमी फाइनल में अपनी जगह पक्की करना चाहेगा। वेस्ट इंडीज की टीम के पास भी गंवाने के लिए कुछ नहीं है और वे बाकी मैचों में अन्य टीमों का समीकरण बिगाड़ने की कोशिश करेगी।

धोनी ने अफगानिस्तान के खिलाफ बेहद धीमी बल्लेबाजी करते हुए 52 गेंद में 28 रन बनाए। टीम प्रबंधन इस समस्या से वाकिफ है लेकिन अब जब चार लीग मैच बचे हैं तब उनके पास एकमात्र विकल्प धोनी के बल्लेबाजी क्रम में बदलाव करना है। संभवतः इससे केदार जाधव को अधिक गेंद खेलने को मिल सकती है जो अपने शॉट चयन में नयापन लाने के लिए पहचाने जाते हैं। हार्दिक पंड्या का इस्तेमाल अब तक फ्लोटर के रूप में हुआ है लेकिन अफगानिस्तान के खिलाफ मैच ने दिखाया कि अगर उन्हें दूसरे छोर से सहयोग नहीं मिलता है तो फिर उन पर काफी दबाव आ जाता है।

विराट कोहली और कोच रवि शास्त्री अब तक ऋषभ पंत का इस्तेमाल करने को लेकर काफी उत्सुक नजर नहीं आए हैं। टीम प्रबंधन अगर विजय शंकर को बाहर करने का फैसला करता है तो ही पंत को टीम में जगह मिल सकती है। वेस्ट इंडीज की टीम में काफी तेज गेंदबाज हैं और ऐसे में धोनी को स्ट्राइक रोटेट करने में आसानी हो सकती है क्योंकि वह धीमे गेंदबाजों के खिलाफ सहज होकर नहीं खेल पा रहे हैं। पिछले मैच में अफगानिस्तान के धीमे गेंदबाजों ने इसका काफी फायदा उठाया था।

आइपीएल में धोनी की बल्लेबाजी और भारत के लिए 50 ओवर के प्रारूप में उनके प्रदर्शन में अंतर को लेकर काफी बहस हो रही है। चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से खेलते हुए धोनी ने भारत के एक अनुभवहीन घरेलू गेंदबाज को निशाना बनाया जबकि बड़े अंतरराष्ट्रीय नामों के खिलाफ सुरक्षित क्रिकेट खेला। लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा करने के दौरान उन्होंने कागिसो रबादा या जोफ्रा आर्चर जैसे गेंदबाजों के खिलाफ कोई जोखिम नहीं उठाया जबकि अन्य गेंदबाजों के खिलाफ रन जुटाए।

टीम को धोनी की रणनीति और तेजतर्रार विकेटकीपिंग की जरूरत है और ऐसे में कप्तान और कोच को उनकी भूमिका पर काफी माथापच्ची करनी होगी। दूसरी तरफ पाकिस्तान के खिलाफ शानदार शुरुआत के बावजूद वेस्ट इंडीज की टीम विश्व कप में सेमी फाइनल की दौड़ से बाहर हो चुकी है लेकिन टीम टूर्नामेंट का सकारात्मक अंत करना चाहेगी। आंद्रे रसेल पैर की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण बाहर हो गए हैं और इससे टीम को बड़ा झटका लगा है।



अभ्यास सत्र के दौरान वेस्ट इंडीज के खिलाड़ी।

**मैच का समय**

दोपहर तीन बेज से



महेंद्र सिंह धोनी

# भारत के खिलाफ शृंखला के बाद संन्यास लेंगे गेल

मैनचेस्टर, 26 जून (भाषा)।

वेस्ट इंडीज के स्टार बल्लेबाज क्रिस गेल ने मौजूदा विश्व कप के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से अलविदा करने की योजना में बदलाव किया है। अब उन्होंने अगस्त-सितंबर में भारत के खिलाफ होने वाली घरेलू वनडे और टैस्ट शृंखला के बाद संन्यास लेने का मन बनाया है। पिछले दो दशकों में संन्यास लेने वाले दिग्गज खिलाड़ियों में गेल ने स्टीव वॉ (2004) और जैक कैलिस (2013) के नक्शेकदमों पर चलते हुए भारत के खिलाफ खेलने के बाद अंतरराष्ट्रीय संन्यास लेने की घोषणा की।

उम्मीद है कि गेल का अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच भारत के खिलाफ टैस्ट मैच होगा जो जमैका में उनके घरेलू मैदान में किंग्स्टन में 30 अगस्त से शुरू होगा। गेल (39 वर्ष) ने पिछले महीने कहा था कि मौजूदा विश्व कप के बाद वह संन्यास ले लेंगे लेकिन यहां भारत के खिलाफ होने वाले मैच की पूर्व संध्या पर मीडिया से बात करते हुए बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने कहा कि उन्होंने मन बदल लिया है।

जब विश्व कप के बाद करिअर समाप्त करने की योजना के बारे में पूछा गया तो गेल ने कहा, 'अभी यह खत्म नहीं हुआ है। अभी मुझे कुछ और मैच खेलने हैं। शायद एक शृंखला और खेल सकता हूं। कौन जानता है, क्या पता ऐसा हो जाए। मेरी योजना विश्व कप के बाद की थी। मैं भारत के खिलाफ एक टैस्ट मैच भी खेल सकता हूं और मैं निश्चित रूप से भारत के खिलाफ वनडे भी खेलूंगा। मैं टी-20 नहीं खेलूंगा। विश्व कप के बाद मेरी यही योजना है।

**योजना में बदलाव**

**गेल ने पिछले महीने कहा था कि मौजूदा विश्व कप के बाद वह संन्यास ले लेंगे लेकिन यहां भारत के खिलाफ होने वाले मैच की पूर्व संध्या पर मीडिया से बात करते हुए बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने कहा कि उन्होंने मन बदल लिया है।**

वेस्ट इंडीज के मीडिया मैनेजर फिलिप स्पूनर ने बाद में पुष्टि की कि गेल राष्ट्रीय टीम के लिए अंतिम शृंखला भारत के खिलाफ खेलेंगे। स्पूनर ने कहा कि हां, क्रिस अपनी अंतिम शृंखला भारत के खिलाफ खेलेंगे। पता चला है कि भारत शृंखला में गेल की भागीदारी व्यवसायिक पहलू को ध्यान में रखते हुए जरूरी थी क्योंकि यह विश्व कप के बाद ही आयोजित हो रही है।

साथ ही जमैका में टैस्ट मैच और पूर्व आइपीएल साथी व परम मित्र विराट कोहली के खिलाफ खेलना उनके संन्यास के लिए बिलकुल सटीक होगा। भारत के वेस्ट इंडीज दौरे में तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय, तीन वनडे और दो टैस्ट मैच शामिल हैं। टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत दौरे की शुरुआत तीन अगस्त से करेगा। इसके बाद वनडे आठ अगस्त से और फिर टैस्ट मैच 22 अगस्त से तीन सितंबर तक खेले जाएंगे।

## विश्व कप डायरी

### आलोचकों की टिप्पणी पर सरफराज ने कहा, इससे पीड़ा पहुंचती है

बर्मिंघम, 26 जून (भाषा)।

पाकिस्तान के कप्तान सरफराज अहमद ने कहा कि उनकी तुलना 'सुअर' से करने जैसी घटनाओं से उन्हें पीड़ा पहुंचती है। लेकिन, वह इनसे बचने के लिए कुछ नहीं कर सकते। वे सिर्फ आलोचना करते हुए दुर्व्यवहार नहीं करने की अपील कर सकते हैं। मैनचेस्टर में चिर प्रतिद्वंद्वी भारत के खिलाफ 89 रन की हार के बाद पाकिस्तानी प्रशंसकों ने राष्ट्रीय टीम की काफी आलोचना की थी।

हाल में एक नया वीडियो सामने आया है जिसमें सरफराज को इंग्लैंड के एक मॉल में अपने बेटे को गोद में उठाकर चलते हुए दिखाया गया है। इस दौरान एक प्रशंसक उन्हें रोककर पूछता है कि वह मोटे सुअर की तरह क्यों दिख रहे हैं। इस प्रशंसक ने हालांकि खिलाड़ी को निशाना बनाने के लिए चौतरफा आलोचना के बाद अपने आचरण के लिए माफी मांग ली थी। लंदन में दक्षिण अफ्रीका को हराकर पाकिस्तान के सेमी फाइनल में जगह बनाने की उम्मीदें जीवंत रखने के बाद सरफराज ने कहा कि मैं इस पर कुछ नहीं कह सकता।



### बेहरेनडोर्फ ने पूछा, मैं और स्टार्क एक साथ क्यों नहीं खेल सकते

लंदन, 26 जून (भाषा)।

जेसन बेहरेनडोर्फ को उनके और मिशेल स्टार्क जैसे बाएं हाथ के तेज गेंदबाजों को आस्ट्रेलिया की अंतिम एकादश में एक साथ अधिक मौका मिलने में कोई दिक्कत नहीं नजर आती। बेहरेनडोर्फ और स्टार्क ने इंग्लैंड के खिलाफ विश्व कप मैच में मंगलवार को मिलकर नौ विकेट चटकाकर आस्ट्रेलिया की जीत में अहम भूमिका निभाई।

बेहरेनडोर्फ ने कहा कि हमें अधिकांश समय ऐसा देखने को नहीं मिलता लेकिन मुझे कोई कारण नजर नहीं आता कि हम एक साथ नहीं खेल सकते। कभी कभी हम दाएं हाथ के तीन तेज गेंदबाजों के साथ खेलते हैं तो फिर हम दो बाएं हाथ के तेज गेंदबाजों के साथ क्यों नहीं खेल सकते। टीम में मिशेल और मेरी भूमिका अलग है इसलिए यह काफी अच्छा है कि हम दोनों जोड़ी बनाएं। हमने सोचा कि यह इंग्लैंड के खिलाफ अच्छा काम करेगा और फिर हम दोनों ने मिलकर नौ विकेट चटकाए इसलिए इसने काफी अच्छा काम किया।

## विश्व कप जीतने की उम्मीदें अभी नहीं टूटीं हैं : स्टोक्स

लंदन, 26 जून (भाषा)।

इंग्लैंड के ऑलराउंडर बेन स्टोक्स ने जोर देते हुए कहा है कि लगातार दो मैचों में हार के बावजूद उनकी टीम की पहला विश्व कप जीतने की उम्मीद नहीं टूटी हैं। विश्व कप अभियान की अच्छी शुरुआत करने के बावजूद इंग्लैंड पिछले दो मैचों में श्रीलंका और आस्ट्रेलिया के खिलाफ हार के साथ मुश्किल स्थिति में घिर गया है। इंग्लैंड की टीम सात मैचों में आठ अंक के साथ 10 टीमों की तालिका में चौथे स्थान पर है। मेजबान टीम को अब 30 जून को भारत जबकि तीन जुलाई को न्यूजीलैंड के खिलाफ दो मुश्किल मैच खेलने हैं। स्टोक्स ने मंगलवार को आस्ट्रेलिया के खिलाफ हार के बाद कहा कि यह हमारा विश्व कप है। पिछले चार साल में हमें शानदार समर्थन मिला और हमें पता है कि विश्व कप प्रशंसकों के लिए क्या मायने रखता है और खिलाड़ी के रूप में हमें भी यह पता है।

# पाक ने कीवियों को छह विकेट से हराया

### नीशाम-ग्रैंडहोम की साझेदारी से न्यूजीलैंड ने बनाए थे 237 रन

बर्मिंघम, 26 जून (भाषा)।

बाबर आजम की शानदार शतकीय पारी की मदद से पाकिस्तान ने विश्व कप मुकाबले में बुधवार को न्यूजीलैंड को छह विकेट से हराया। न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 237 रन बनाए। पाकिस्तान ने 49.1 ओवर में चार विकेट पर 241 रन बनाए।

इससे पहले जेम्स नीशाम और कोलिन डि ग्रैंडहोम की शानदार शतकीय साझेदारी से न्यूजीलैंड शाहीन शाह अफरीदी के शुरुआती झटकों से उबरकर पाकिस्तान के खिलाफ सम्मानजनक स्कोर तक पहुंच पाया। न्यूजीलैंड का स्कोर एक समय पांच विकेट पर 83 रन था जिसके बाद नीशाम (नाबाद 97) और ग्रैंडहोम (64 रन) ने जिम्मेदारी संभाली। छठे विकेट के लिए उन्होंने 132 रन की अहम साझेदारी की। इन दोनों के अलावा केवल कप्तान केन विलियमसन (41) ही कुछ योगदान दे पाए।



बल्लेबाजी के दौरान बाबर आजम।

न्यूजीलैंड ने अंतिम पांच ओवरों में 53 रन जोड़े। नीशाम ने अपने करिअर का सर्वोच्च स्कोर बनाया। पाकिस्तान की तरफ से शाहीन ने दस ओवर में 28 रन देकर तीन विकेट लिए। शादाब खान और मोहम्मद आमिर ने एक-एक विकेट चटकाए। पिच गीली होने के कारण खेल एक घंटे बाद शुरू हुआ और नम परिस्थितियों में केन विलियमसन का टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला उल्टा पड़ गया। पाकिस्तानी तेज गेंदबाजों को अच्छा मूवमेंट मिल रहा था और उन्होंने परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाकर न्यूजीलैंड का शीर्ष क्रम झकझोर दिया।

दूसरे छोर से गेंद संभालने वाले मोहम्मद आमिर ने अपनी पहली गेंद पर ही मार्टिन गुप्टिल को बोल्ड किया जो टूर्नामेंट में रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं। इसके बाद शाहीन ने कहर बरपाया। उन्होंने कोलिन मुनरो (12), रोस टेलर (तीन) और टॉम लैथम (एक) को आउट करके स्टेडियम में बड़ी संख्या में मौजूद पाकिस्तानी दर्शकों को मदहोश कर दिया।

# साथियों के जेहन में आज भी जिंदा हैं मैलकम मार्शल

मैनचेस्टर, 26 जून (भाषा)।

मैलकम मार्शल छुपी हुई प्रतिभा से विश्व के महान तेज गेंदबाज बने। उन्होंने ढेरों मित्र बनाए और फिर एक दिन अचानक कभी वापस नहीं आने के लिए उन्हें छोड़कर चले गए। मार्शल ने अपने मित्रों के जेहन में ऐसी छाप छोड़ी कि वे अब तक इस दिग्गज तेज गेंदबाज को नहीं भुला पाए हैं। बारबाडोस के ब्रिजटाउन में जन्में मार्शल हैंपशर क्रिकेट की आत्मा में बसे हैं और वे लोग अब तक उन्हें नहीं भूल पाए हैं जिन्होंने उन्हें ओल्ड नार्थलैंड्स रोड ग्राउंड पर गेंदबाजी करते देखा है।

शहर के बाहर 2000 में एक नया स्टेडियम शुरू हुआ। इससे संभवतः यह नहीं पता चलता कि मार्शल का क्लब के लिए क्या महत्व है जिसके लिए उन्होंने चैंपियनशिप में 1000 विकेट चटकाए। जाने माने कमेंटेटर और हैंपशर काउंटी में मार्शल के कप्तान रहे मार्क निकोलस ने कहा कि मैलकम और मैं काफी करीबी थे और यह शानदार था। क्रिकेट में वह मेरे सबसे अच्छे दोस्त थे। निकोलस ने कहा कि नार्थलैंड्स रोड बेहद छोटा और निजी मैदान था जो बल्लेबाजी के अनुकूल था। लेकिन इसके बावजूद मार्शल ने यहां काफी प्रभावी गेंदबाजी की। उस समय काउंटी क्रिकेट में मार्शल और विवियन रिचर्ड्स या गोर्डन ग्रीनिज के बीच मुकाबले आकर्षण का केंद्र होते थे। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 18000 से अधिक रन बनाने वाले निकोलस ने बताया कि हैंपशर आने के चार से पांच साल में ही मार्शल अपने समय के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज बन गए थे।

उन्होंने कहा कि मैलकम ने सटीक एक्शन के साथ काफी तेज गति से शॉर्ट गेंदबाजी से शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने विभिन्न तरह की गेंदबाजी सीखी। एक बार आउटस्विंग में पारंगत होने के बाद उन्होंने परफेक्ट इनस्विंगर सीखी। 1984-85 तक उनके पास सब कुछ था- स्टैमिना, गति, नियंत्रण, मूवमेंट और शानदार गेंदबाजी दिमाग।

काउंटी स्तर पर रिचर्ड्स और मार्शल के बीच संघर्ष के बारे में पूछने पर निकोलस ने कहा कि मुझे लगता है कि वह जब समरसेट के साथ थे तब विव पर मैलकम ने दबदबा बनाया लेकिन ग्लेमोर्गन में मुझे लगता है कि विव ने आपसी प्रतिस्पर्धा में कुछ शानदार जीत दर्ज की।

## आइओसी ने एआइबीए से ओलंपिक दर्जा छीना

लुसाने, 26 जून (एपी)।

आइओसी ने बुधवार को विवादों से घिरे मुक्केबाजी संघ एआइबीए से ओलंपिक दर्जा छीन लिया और अब 2020 तोक्यो ओलंपिक के लिये क्वालीफाइंग और फाइनल टूर्नामेंट का आयोजन करेगा। ओलंपिक जांच पैनल के चेयरमैन नेनाद लालोविच ने कहा कि एआइबीए ने आइओसी और इसके अमेरिकी हितधारकों के लिए 'बहुत गंभीर प्रतिष्ठा संबंधित, कानूनी और वित्तीय जोखिम' खड़े कर दिए।

एआइबीए चुनाव में अध्यक्ष गाफूर राखिमोव के चुने जाने के बाद पिछले साल आइओसी को मुक्केबाजी के संचालन, कर्जे और ओलंपिक बाउट की प्रमाणिकता की जांच के लिए बाध्य कर दिया। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के सदस्यों ने पिछले महीने कार्यकारी बोर्ड की सिफारिशों का समर्थन करते हुए एआइबीए का ओलंपिक दर्जा छीनने के हक में मत दिया।

# नीदरलैंड और इटली क्वार्टर फाइनल में

रेनेस (फ्रांस), 26 जून (एएफपी)।

लाइके मार्टन्स के अंतिम मिनट में पेनल्टी पर दागे गोल की बदौलत नीदरलैंड ने महिला विश्व कप फुटबाल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई जबकि इटली की टीम भी अंतिम आठ में प्रवेश करने में सफल रही।

मंगलवार को हुए मुकाबले में नीदरलैंड ने प्री क्वार्टर फाइनल में जापान को 2-1 से हराया। नीदरलैंड को 17वें मिनट में मार्टन्स ने बढ़त दिलाई लेकिन 43वें मिनट में युई हासेगावा ने स्कोर 1-1 कर दिया। मार्टन्स ने इसके बाद 90वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलकर नीदरलैंड को पहली बार क्वार्टर फाइनल में जगह दिला दी।

शनिवार को होने वाले क्वार्टर फाइनल में अब नीदरलैंड का सामना इटली से होगा। इटली ने प्री क्वार्टर फाइनल में चीन को 2-0 से हराया। इटली की ओर से वेलेन्टीना गियासिंती और ओरोरा गेली ने गोल दागे।

**महिला विश्व कप**



जीत के बाद जश्न मनातीं नीदरलैंड महिला टीम की खिलड़ी।

जापान और चीन की हार के साथ टूर्नामेंट में एशिया महाद्वीप का अभियान खत्म हो गया। जापान का टूर्नामेंट से इतनी जल्दी बाहर होना निराशाजनक है क्योंकि टीम 2011 की चैंपियन है जबकि चार साल पहले कनाडा में भी टीम फाइनल का सफर तय करने में सफल रही थी।

## चार तीरंदाज 'टाप्स' में शामिल, 34 लाख के प्रस्ताव मंजूर किए गए

नई दिल्ली, 26 जून (भाषा)।

तीरंदाज तरूणदीप राय, अतनु दास, प्रवीण जाधव और अतुल वर्मा को बुधवार को 2020 तोक्यो ओलंपिक के लिये टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) में शामिल किया गया। यह फैसला भारतीय खेल प्राधिकरण की मिशन ओलंपिक इकाई की बैठक में लिया गया जिसकी अध्यक्षता महानिदेशक नीलम कपूर ने की। इसमें 34 लाख रूपए के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई।

राय, दास और जाधव उस भारतीय पुरुष रिकर्व टीम का हिस्सा थे जिन्होंने इस महीने के शुरू में नीदरलैंड में विश्व तीरंदाजी चैम्पियनशिप में रजत पदक जीता था। इन तीनों ने इसी प्रक्रिया में ओलंपिक कोटा भी हासिल किया। इसके साथ भारत ने पुरुष रिकर्व व्यक्तिगत स्पर्धा में तीन एकल कोटा हासिल कर लिए। वर्मा 2014 युवा ओलंपिक में लड़कों के रिकर्व वर्ग में कांस्य पदकधारी हैं। साइ के बयान के अनुसार खिलाड़ियों को उनके बीते और मौजूदा प्रदर्शन के आधार पर चुना गया है। अन्य फैसलों में साइ ने पहलवान पूजा ढांडा, बजरंग पूनिया, उत्कर्ष काले और विनेश फोगाट के विदेशी टूर्नामेंट में भागीदारी और ट्रेनिंग के लिये वित्तीय खर्चे को मंजूरी दी।

समिति ने पूजा ढांडा को खेलों के सामान खरीदने के लिए भी मंजूरी दी। समिति ने एथलीट श्रीशंकर और जिनसन जानसन के विदेशों में टूर्नामेंट में भाग लेने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी। शॉट पुट एथलीट तेजिंदर तूर के विदेशी कोच इरेनेयूस्ज बुकोविएकी को दो महीने के लिए रखने के प्रस्ताव पर भी सहमति बनी।

पैडलर मनिका बत्रा को किट खरीदने और शरत कमल को फिजियो हिराक बागची को 12 दिन के लिए रखने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी गई। रोहन बोपन्ना के घुटने की चोट के लिए उपचार के खर्चे के अनुरोध को भी मंजूरी दे दी गई। निशानेबाजी में समिति ने लक्ष्य श्योराण, अंगद वीर सिह बाजवा और संजीव राजपूत के उपकरण की जरूरतों, ट्रेनिंग और भागीदारी के प्रस्ताव को भी स्वीकृति मिल गई।


रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 36, अंक 221, *हवाई शुल्क:* इंफल-पांच रुपए, गुवाहाटी-चार रुपए, रायपुर-दो रुपए और पटना-एक रुपए।

दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोन: (0120) 2470700/2470740, ई-मेल: edit.jansatta@expressindia.com, फैक्स: (0120) 2470753, 2470754, **बोर्ड अध्यक्ष: विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादक: मुकेश भारद्वाज***, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार।



कापीराइट: दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।